इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 248 | राजनांदगांव, रविवार 26 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा; नड्डा ने एफआईआर और मुआवजे पर दिया भरोसा

## कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन खत्म: कहा- हमारी सभी मांगें मानी गई

नई दिल्ली। नीट-यूजी विवाद को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर कई दिनों से चल रहा कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का आंदोलन खत्म हो गया है। शनिवार को सरकार और सीजेपीप्रतिनिधिमंडल के बीच तीसरे दौर की बातचीत के बाद सीजेपीने आंदोलन वापस लेने का ऐलान किया। सीजेपी के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनकी सभी मांगें मान ली गई हैं और प्रदर्शनकारियों से तत्काल आंदोलन स्थल छोड़कर शांतिपूर्वक घर लौटने की अपील की।

सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी बातचीत के बाद स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर की कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी और कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। मुआवजे की मांग पर सरकार ने नियमों और कानून के तहत अधिकतम संभव मदद देने की बात कही है।

### सरकार-सीजेपी के बीच तीन दौर की बातचीत

सरकार के साथ बातचीत के बाद सीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रंका ने बताया कि सरकारी प्रतिनिधिमंडल और संगठन के बीच तीन दौर की वार्ता हुई। जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन को लेकर सीजेपी ने सरकार के सामने तीन प्रमुख मांगें रखी थीं। पहली मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा थी। दूसरी मांग आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों और आयोजकों के खिलाफ दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों में दर्ज एफआईआर और कानूनी मामलों को वापस लेने तथा भविष्य में उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की थी। तीसरी मांग नीट विवाद के दौरान अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों को 1 करोड़ मुआवजा देने की थी। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद सीजेपी ने अपनी पहली मांग पूरी होने की घोषणा की।



सीजेपी के चीफ स्पोक्सपर्सन सौरव दास ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने को लेकर सरकार से बातचीत हुई है। संगठन के मुताबिक, इसमें दिल्ली के साथ बीजेपी शासित और सहयोगी दलों की सरकार वाले राज्यों में दर्ज मामले भी शामिल हैं। सौरव दास ने दावा किया कि सरकार ने इन मामलों को वापस लेने का भरोसा दिया है। सीजेपी के मुताबिक, अकेले दिल्ली में करीब 15 से 20 एफआईआर दर्ज होने की जानकारी है। सरकार इन एफआईआर की प्रतियां भी संगठन को उपलब्ध कराएगी। सीजेपी ने सरकार को एक लिखित ड्राफ्ट भी सौंपा है। संगठन का कहना (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### राष्ट्रपति ने मंजूर किया प्रधान का इस्तीफा, प्रह्लाद जोशी को मिला शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार



कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के बाद शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को शनिवार को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। यह घटनाक्रम परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के विरोध प्रदर्शनों के बीच हुआ है। राष्ट्रपति कार्यालय ने शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के माध्यम से इस नियुक्ति की पुष्टि की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने धर्मेंद्र प्रधान का केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। यह स्वीकृति संविधान के अनुच्छेद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### धर्मेंद्र प्रधान बोले- देश के युवाओं और राष्ट्रहित में लिया फैसला



देश में पिछले कई दिनों से नीट-यूजी परीक्षा में कथित गड़बड़ी और पेपर लीक को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर से लेकर विभिन्न राज्यों तक विरोध-प्रदर्शन जारी है। छात्र लगातार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। इस बीच शनिवार को धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देकर बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम खड़ा कर दिया। धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे अपने त्यागपत्र में कहा कि देश की युवा शक्ति, छात्रों का भविष्य और राष्ट्र की एकता उनके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने पिछले कुछ दिनों में बने हालात पर दुख जताते हुए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीजेपी आंदोलन खत्म: राहुल गांधी बोले- पीएम मोदी मांगें माफी; छात्रों पर हिंसा के लिए अमित शाह जिम्मेदार

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से आंदोलन समाप्ति के एलान और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के तुरंत बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल गांधी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जो भारतीय शिक्षा व्यवस्था कभी दुनिया में सबसे बेहतरीन मानी जाती थी, उस पर पिछले कुछ वर्षों में लगातार हमले किए गए हैं, उस पर कब्जा कर लिया गया है और उसका निजीकरण कर दिया गया है।



राहुल गांधी ने कहा कि यह देश के छात्रों की जीत है और शिक्षा प्रणाली की रक्षा की एक बड़ी प्रतिक्रिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो शिक्षा प्रणाली कभी भारत की शान हुआ करती थी, उस पर पिछले कुछ वर्षों से लगातार हमले हो रहे हैं, उसका व्यवसायीकरण किया जा रहा है और उस पर वैचारिक कब्जा जमाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने निवर्तमान शिक्षा मंत्री को इस प्रशासनिक नाकामी, भ्रष्टाचार और शिक्षा व्यवस्था के विनाश का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका जाना सही कदम है, लेकिन समस्या केवल एक व्यक्ति के हटने से खत्म नहीं होती। राहुल गांधी ने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करना एक गंभीर मुद्दा है और इसके लिए सिर्फ प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि संघ भी उतना ही जिम्मेदार है। शिक्षा व्यवस्था अंदर से पूरी तरह खोखली हो चुकी है और इसे ठीक करने के लिए कड़े व बुनियादी कदम उठाने की ज़रूरत है। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों की दो प्रमुख मांगों पर कहा कि प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज और अत्याचार करने वाले अधिकारियों व आयोजकों पर ऐसी सख्त और पारदर्शी कार्रवाई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना, बोले- अब भ्रष्टाचार और सांसदों-विधायकों की खरीद जैसी राजनीति का होगा अंत

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उनकी पार्टी युवाओं, छात्रों और किसानों के साथ खड़ी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता बदलाव के लिए मतदान करेगी। उन्होंने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को छात्रों के आंदोलन की सफलता बताते हुए कहा कि यह युवाओं की पहली बड़ी जीत है। साथ ही आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को हर संभव सहायता देने की मांग की।



अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर पेपर लीक, भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता और आरक्षण के साथ अन्याय का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पहले भी पेपर लीक का ऑडिट कर चुकी है और सरकार ने जानबूझकर भर्ती प्रक्रियाओं में देरी की। उन्होंने 69 हजार शिक्षक भर्ती समेत विभिन्न मामलों में प्रभावित अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव की जरूरत है। प्राथमिक विद्यालयों के विलय, सरकारी स्कूलों की स्थिति और आधुनिक शिक्षा की कमी पर चिंता जताते हुए उन्होंने एआई, इंटरनेट और नई तकनीक के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने की वकालत की। उनका कहना था कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर शिक्षा और रोजगार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। अखिलेश यादव ने सरकार पर अवैध निर्माण के मामलों में दोहरा रवैया अपनाने का आरोप (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सीएम साय बोले- राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने का प्रेरक निर्णय



मुख्यमंत्री साय ने धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों और उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए लिया गया यह निर्णय सार्वजनिक जीवन के लिए प्रेरणादायी है। साय ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान ने अपने सार्वजनिक जीवन के प्रत्येक दायित्व का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी और पूर्ण समर्पण के साथ किया है।

### डॉ. रमन सिंह बोले- आंदोलन शांत करने जरूरी था फैसला



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जिस विषय को लेकर पूरी दुनिया भर में हल्ला मचाया जा रहा था, उसकी इतिश्री हो गई। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने कहा है कि इस मामले में सख्त से सख्त कानून बनाया जाएगा। 10 करोड़ और 10 साल की सजा जैसे कठोर कानून आने वाले समय में बनाएंगे जाएंगे ताकि किसी के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं हो।

### भूपेल बघेल बोले- छात्र नरसिंह के अवतार में आए



भूपेस बघेल ने केंद्र सरकार की तुलना हिरण्यकश्यप से की और जेन जी को नरसिंह अवतार बताया। बघेल ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा देशभर के छात्रों की जीत है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की हार है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा की ट्रोल टीम ने सोनम वांगचुक को चीन का ऐजेंट बता दिया था और मंत्री उनको जूस पिला रहे थे।

## प्रदर्शन खत्म, खुल गए राजीव चौक समेत बड़े मेट्रो स्टेशन; अब घर लौट रहे लोग

नई दिल्ली। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में हो रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शनों का हंगामा शनिवार शाम को अंततः थम गया। जंतर मंतर से प्रदर्शनकारियों के हटने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

पुलिस द्वारा लोगों से धरना स्थल खाली करने की घोषणा के बाद दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने कई महत्वपूर्ण स्टेशनों के एंट्री गेट खोल दिए हैं ताकि प्रदर्शनकारी आसानी से अपने घर वापस जा सकें। वहीं, सीजेपी की ओर धरना समाप्ती की घोषणा के साथ ही अब भीड़ अपने घर लौटने लगी है। जनपथ मेट्रो स्टेशन के एंट्री गेट अब खोल दिए गए हैं। सेवा अपडेट के अनुसार, राजीव चौक, मंडी हाउस और सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मेट्रो स्टेशनों के एंट्री गेट भी अब खोल दिए गए हैं। दिल्ली मेट्रो प्रशासन ने घोषणा की है कि प्रदर्शनकारियों और आम नागरिकों की सुरक्षित घर वापसी के लिए मेट्रो सेवाएं खुली रहेंगी और विशेष व्यवस्था की गई है। दिन में नीट पेपर लीक विवाद को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए देशभर में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए।

## कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर रक्षा मंत्री बोले- भारतीय सेनाएं हर चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार



नई दिल्ली। दुश्मन की मंशा आज भी नहीं बदली है. वह अब भी घुसपैठ और प्रॉक्सी वॉर जैसी साजिशें कर रहा है. लेकिन भारतीय सशस्त्र बल हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर द्रास में आयोजित कार्यक्रम में कही.रक्षा मंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी. उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में सैनिकों ने जो साहस, संकल्प और देशभक्ति दिखाई, वह आज भी पूरे देश और सेना को प्रेरित करती है. राजनाथ सिंह ने कहा कि जब तक भारतीय सैनिकों का साहस और देशभक्ति अटल है, तब तक कोई भी भारत की ओर बुरी नजर डालने की हिम्मत नहीं कर सकता. सैनिकों की वजह से देश का हर नागरिक बिना डर अपने सपने पूरे कर सकता है.

रक्षा मंत्री ने सैनिकों के साथ बराखाना में बातचीत भी की. उन्होंने कहा कि कारगिल की जीत पर हमें गर्व है, लेकिन देश के सामने सुरक्षा चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं. इसलिए सरकार लगातार सेना को और मजबूत बनाने पर काम कर रही है.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है. साथ ही सेना के आधुनिकीकरण पर भी लगातार जोर दिया जा रहा है. आधुनिक हथियार और बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है.

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने नई तकनीकों को तेजी से अपनाया है. उनके साहस और समर्पण की पहचान अब दुनिया भर में हो रही है.उन्होंने कहा कि यह सदी भारत की है. आत्मनिर्भरता की दिशा में हमने बड़ी प्रगति की है. मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में भारतीय सेनाएं दुनिया की सबसे बेहतरीन सेनाओं में शामिल होंगी.

द्रास के विश्वनाथन स्टेडियम में आयोजित शौर्य भोज कार्यक्रम में ड्रोन, रोबोटिक म्यूल और सेना के मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया गया. इसके साथ ही लद्दाख की संस्कृति पर आधारित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प, डीएसपी सहित 23 पुलिसकर्मी घायल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में पुलिस व ग्रामीणों के बीच हुई झड़प में एक डीएसपी राजीव जोशी सहित 23 जवान घायल हो गए। घटना में कुछ ग्रामीणों को भी चोट पहुंची है।



पुलिस टीम, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के प्रस्तावित खदान के विरोध में हुई हिंसा के पांच नामजद आरोपितों को पकड़ने गई थी। पुलिस को देखते ही ग्रामीण उग्र हो गए और उन्होंने पथराव करना शुरू कर दिया। जवानों को घेरकर लाठियों से हमला किया गया। पुलिस टीम वहां से किसी तरह जान बचाकर भागी। पुलिस वाहन में तोड़फोड़ के बाद ग्रामीणों ने सात घंटे से अधिक समय तक अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग को बाधित कर दिया। कलेक्टर-एसपी से चर्चा के बाद देर शाम वे सड़क से उठे। सूरजपुर जिले के प्रतापपुर क्षेत्र के मदन नगर-धरमपुर क्षेत्र में एसईसीएल की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। ग्रामीणों ने इसके विरोध में मोर्चा खोल रखा है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें मुआवजा नहीं चाहिए, अपितु उन्हें जमीन के बदले जमीन दिया जाए। कुछ दिनों पूर्व वहां सर्वे टीम पहुंची थी। ग्रामीणों ने उस टीम को बंधक बना लिया था।

## शराब घोटाला, आरोपी रामगोपाल अग्रवाल से मिले भूपेश बघेल: रायपुर कोर्ट में जेल जाने से पहले की मुलाकात

रायपुर। छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में आरोपी और कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल की न्यायिक रिमांड बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने उन्हें 5 अगस्त तक न्यायिक हिरासत (जेल) में भेजने का आदेश दिया है। शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कई सीनियर नेता कोर्ट पहुंचे। जहां उन्होंने रामगोपाल अग्रवाल के जेल भेजे जाने से पहले उनसे मुलाकात की। इस दौरान भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि पार्टी को बदनाम करने के लिए एजेंसियों का उपयेग किया जा रहा है।



### घोटाले का पैसा ठिकाने लगाने का आरोप

बता दें कि रामगोपाल अग्रवाल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रहे हैं। करीब तीन साल तक फरार रहे। 8 जुलाई को उन्होंने ईओडब्लू कार्यालय पहुंचकर सरेंडर किया था, जिसके बाद ईओडब्लू ने उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। ईओडब्लू के मुताबिक, आरोप है कि शराब घोटाला, कोल लेवी और कस्टम मिलिंग से जुड़े पैसों को ठिकाने लगाने में रामगोपाल अग्रवाल की भूमिका थी। इसी वजह से एजेंसी ने आगे की पूछताछ के लिए अतिरिक्त समय मांगा है।

### 8 जुलाई को किया था सरेंडर

कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल करीब तीन साल तक फरार रहे। 8 जुलाई को उन्होंने ईओडब्लू कार्यालय पहुंचकर सरेंडर किया था। इसके बाद मेडिकल परीक्षण कर उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से 9 जुलाई को 17 जुलाई तक की पुलिस रिमांड मंजूर की गई थी। रिमांड अवधि पूरी होने पर उन्हें दोबारा अदालत में पेश किया गया और अब 5 अगस्त तक ईओडब्लू की कस्टडी में भेज दिया गया है।

## सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में ईडी की एंट्री, टामन फिर अरेस्ट : 7 दिन की रिमांड पर रहेंगे पूर्व चेयरमैन, अब मनी लॉन्ड्रिंग एंगल से होगी जांच

रायपुर। छत्तीसगढ़ के चर्चित सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भी एंट्री हो गई है। सीबीआई जांच के बाद अब ईडी इस मामले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के पहलू की जांच करेगी। ईडी ने जेल में बंद सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन एवं रिटायर्ड आईएएस अधिकारी टामन सिंह सोनवानी को गिरफ्तार कर लिया है।

ईडी ने रायपुर स्पेशल कोर्ट में सोनवानी की एक सप्ताह की रिमांड की मांग की थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने ईडी की मांग स्वीकार करते हुए सोनवानी को 31 जुलाई तक 7 दिन की रिमांड पर सौंप दिया। माना जा रहा है कि पूछताछ में भर्ती प्रक्रिया में पैसों के लेन-देन, अवैध कमाई और उससे जुड़े वित्तीय नेटवर्क का खुलासा हो सकता है।

ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि जांच में पाया गया कि अभ्यर्थियों के चयन के बदले पैसे लेने के आरोप हैं। इसके लिए ग्रामीण विकास समिति के नाम से एक माध्यम



तैयार किया गया था। सौरभ के अनुसार, जांच में यह भी सामने आया कि कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) फंड के जरिए बजरंग पावर लिमिटेड से समिति के खाते में 45 लाख ट्रांसफर कराए गए।

जिस समिति का उपयोग किया गया, उसमें अधिकांश सदस्य टामन सिंह सोनवानी के परिजन या उनके करीबी बताए गए हैं। ईडी का आरोप है कि इसी माध्यम से धन का लेन-देन किया गया और उसके बदले चयन प्रक्रिया को प्रभावित किया गया।

### सीबीआई पहले ही कर चुकी है गिरफ्तारी

सीबीआई ने 2 साल पहले सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी को गिरफ्तार किया था। उनके साथ बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल को भी गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई का आरोप है कि सीजीपीएससी की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताएं हुईं और कथित तौर पर प्रभावशाली लोगों के रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी समेत अन्य पदों पर चयनित कराने के लिए अवैध लेन-देन हुआ।

### वीआईपी लोगों के रिश्तेदारों का चयन करने का आरोप

सीबीआई के मुताबिक, सोनवानी के कार्यकाल में पीएससी में हुई भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। आरोप है कि, उन्होंने अपने कई करीबी रिश्तेदारों और कांग्रेस नेताओं और अधिकारियों के 18 रिश्तेदारों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीजेपी का प्रदर्शन खत्म होते ही एक्शन में मोदी सरकार, सोमवार को लोकसभा में पेश होगा परीक्षा कानून संशोधन बिल

नई दिल्ली। नीट यूजी 2026 पेपर लीक विवाद और देशभर में छात्रों के विरोध के बाद केंद्र सरकार परीक्षा में होने वाली धांधली रोकने के लिए नया संशोधन बिल लाने जा रही है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह सोमवार, 27 जुलाई को लोकसभा में पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक, 2026 पेश करेंगे। इस विधेयक के जरिए पब्लिक एग्जामिनेशंस एक्ट, 2024 में बदलाव का प्रस्ताव रखा जाएगा।

### पेपर लीक पर और सख्त होगा कानून

प्रस्तावित संशोधन के तहत पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी से जुड़े मामलों में सजा और जांच प्रक्रिया को और सख्त बनाने का प्रावधान किया गया है। बिल के अनुसार, पेपर लीक के मामलों की जांच दो महीने के भीतर पूरी करनी होगी। दोषी पाए जाने पर कम से कम पांच साल और अधिकतम 10 साल तक की जेल हो सकती है। इसके अलावा 50 लाख रुपये



तक का जुर्माना भी लगाया जा सकेगा।

### संगठित परीक्षा धोखाधड़ी पर 10 करोड़ रुपये तक जुर्माना

विधेयक में संगठित तरीके से परीक्षा में धोखाधड़ी करने वाले गिरोहों के खिलाफ और कड़े प्रावधान किए गए हैं। ऐसे मामलों में कम से कम सात साल की जेल और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। सरकार का मानना है कि इससे संगठित पेपर लीक नेटवर्क पर प्रभावी रोक लगाने में मदद मिलेगी।

### फास्ट-ट्रैक कोर्ट में होगी सुनवाई

संशोधन विधेयक के मुताबिक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतें नामित करनी होंगी। इन अदालतों में आरोपपत्र दाखिल होने के बाद तीन महीने के भीतर मुकदमे का निपटारा करने का लक्ष्य रखा गया है। अदालतों में मामलों की सुनवाई भी रोजाना के आधार पर होगी।

### केंद्र सरकार बना सकेगी स्पेशल टास्क फोर्स

प्रस्तावित कानून के तहत केंद्र सरकार जरूरत पड़ने पर पेपर लीक के मामलों की जांच के लिए स्पेशल टास्क फोर्स बना सकेगी। यह टास्क फोर्स बड़े और कई राज्यों से जुड़े मामलों की जांच में मदद करेगी। यह संशोधन ऐसे समय लाया जा रहा है जब नीट यूजी 2026 पेपर लीक के आरोपों को लेकर देशभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शासन द्वारा व्यवस्था को जवाबदेह बनाने सेवा सेतु की पहल महत्वपूर्ण : कलेक्टर जितेंद्र यादव



○ पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में 3 जिलों के संचालकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित
○ एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 570 से अधिक सेवाएं उपलब्ध, कार्यों में लाएं गति और एकरूपता

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव की उपस्थिति में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आधार, सेवा सेतु एवं सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) संचालकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान, गण्डई जिले के सीएससी व आधार संचालकों के कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासन जनमानस के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयासरत है। जिसमें हम सभी की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवाओं को नागरिकों तक सरल, त्वरित व डिजिटल माध्यम से पहुंचाने के लिए सेवा सेतु पहल की गई है। इसके अंतर्गत आय, जाति, निवास, विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, राजस्व सहित 570 से अधिक सेवाएं एक ही ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं।

### कार्यों में लाएं एकरूपता, नागरिकों का बढ़ेगा विश्वास

कलेक्टर ने सीएससी केंद्रों के सुचारू संचालन के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटरों की व्यवस्था करने तथा आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र में लगने वाले आवश्यक दस्तावेजों की सूची केंद्रों में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे कार्यों में एकरूपता आएगी और आम जनता का विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने अधिकारियों व संचालकों को ध्यान रखने कहा कि नागरिकों के आवेदनों का अनावश्यक निरस्तीकरण न हो।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने तथा लोगों को इसके लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने घोषणा की कि इस योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएससी सेंटर संचालकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि भ्रामक खबरें फैलाने और कार्यों में लापरवाही बरतने वाले संचालकों पर सख्त कार्रवाई होगी। जिला ई-डिस्ट्रिक्ट प्रबंधक सौरभ मिश्रा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से तीनों जिलों में आवेदनों और कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आधार, सेवा सेतु एवं सीएससी संचालकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर प्रभात सिंह, यूआईडीएआई हैदराबाद से खुर्शीद आलम, सीएससी राज्य प्रमुख जयनारायण पटेल, अपर कलेक्टर सी.एल. मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम, एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव अनिकेत साहू, एसडीएम डोंगरगढ़ विश्वास कुमार सहित तीनों जिलों के अधिकारी एवं सैकड़ों सीएससी व आधार संचालक उपस्थित थे।

# चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमनी पुलिस ने भेजा जेल

0 आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर, गैस सिलेंडर व ई-रिक्शा बरामद

0 45 हजार रुपये के सामान की हुई थी चोरी, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कसा शिकंजा



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी गया मशरूका और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। सोमनी थाना प्रभारी दिलीप पटेल ने बताया कि प्रार्थीया निर्मला साहू पति संतोष साहू उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम जराही ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 1 जुलाई से 19 जुलाई के मध्य अज्ञात चोरों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे में रखे संदूक से सोने के खिनवा (1/2 तोला, कीमत 20,000 रुपये), सोने का बाला (2 ग्राम, कीमत 10,000 रुपये), चांदी की पायल (कीमत 10,000 रुपये) तथा किचन से गैस सिलेंडर व चूल्हा (कीमत 5,000 रुपये) कुल जुमला 45,000 रुपये का सामान चोरी कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(क) एवं 331(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था। मुखबिर की सूचना पर संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की। जिसमें आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर उनकी निशानदेही पर चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात, गैस सिलेंडर, चूल्हा, घटना में प्रयुक्त हसिया तथा प्रयुक्त ई-रिक्शा (क्रमांक सीजी 08 बीई 5030) को गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। मामले में संलिप्त आरोपियों में संतोष साहू पिता गहिरूराम साहू उम्र 50 वर्ष निवासी सृष्टि कॉलोनी, अटल आवास कौरिनभांठा, महेश्वर यादव पिता सीताराम यादव उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम जराही व धरमदास उर्फ धर्मदास चतुर्वेदी पिता कांताप्रसाद चतुर्वेदी उम्र 28 वर्ष निवासी मोतीपुर रामनगर चिखली को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

## पहला कॉलम...


### आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कुमरदा मंडल की बैठक

कुमरदा (दावा)। भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा कुमरदा मंडल की एक आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बैठक 26 जुलाई को आयोजित की गई है। यह बैठक दोपहर 3 बजे से ग्राम आमगांव स्थित कर्मा भवन में संपन्न होगी। ओबीसी मोर्चा कुमरदा मंडल के अध्यक्ष किशुन साहू तथा महामंत्री द्वय लिलेश देवांगन एवं डोमन साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू एवं मंडल प्रभारी टीकम सोनकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, स्थायी सदस्यों तथा कुमरदा मंडल भाजपा के सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

### डोंगरगांव में 108 पार्थिव शिवलिंगों का भव्य अभिषेक 9 अगस्त को

डोंगरगांव (दावा)। धर्मनगरी और आसपास के अंचल में सावन के पवित्र माह को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में डोंगरगांव में आगामी 9 अगस्त को 108 पार्थिव शिवलिंगों का भव्य अभिषेक एवं विशेष पूजन-अर्चन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। आयोजन समिति और स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक अनुष्ठान को भव्य रूप देने के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। कार्यक्रम के दिन सुबह से ही विद्वान आचार्यों और पंडितों के सानिध्य में मिट्टी (मृत्तिका) से निर्मित 108 पार्थिव शिवलिंगों की स्थापना की जाएगी।

### श्रीमती अन्नपूर्णा गजभिये का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गौरी नगर निवासी श्रीमती अन्नपूर्णा गजभिये पति राकेश गजभिये उम्र लगभग 51 वर्ष का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पति, पुत्री व पुत्र सहित भरपूरा परिवार छोड़ गई है। स्व. श्रीमती अन्नपूर्णा गजभिये की अंतिम यात्रा उनके गौरी नगर स्थित निज निवास से 26 जुलाई को प्रातः 11 बजे निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्व. श्रीमती अन्नपूर्णा गजभिये नवभारत में कार्यरत राकेश गजभिये की धर्मपत्नी थी।

### सैनुद्दीन सोलंकी का निधन



राजनांदगांव (दावा)। कुतुबुद्दीन सोलंकी के पौत्र एवं जैनुद्दीन सोलंकी के पुत्र सैनुद्दीन सोलंकी का 42 वर्ष की आयु में 25 जुलाई की शाम आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान दोपहर 1 बजे पुराना गंज लाईन से मठपारा स्थित कब्रिस्तान जाएगी। वे अपने पीछे एक पुत्र, एक पुत्री सहित भरपुरा परिवार छोड़ गए हैं।









# आज महावीर कल्पवृक्ष सोसाइटी में वृक्षारोपण : महापौर मधुसूदन यादव होंगे मुख्य अतिथि



राजनांदगांव (दावा)। महावीर कल्पवृक्ष सोसाइटी में 26 जुलाई को सुबह 11:30 बजे भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में नगर निगम के महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सोसाइटी से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में वार्ड पार्षद अमित कुशवाहा एवं महावीर ग्रुप प्रमुख विनोद बोहरा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### 300 पौधे लगाने का लक्ष्य

सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक पारख ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान फल, फूल, आयुर्वेदिक (औषधीय) महत्व एवं खुशबूदार प्रजाति के लगभग 300 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। सोसायटी के सचिव अनिल पारख ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रभारी सुभाष अग्रवाल, प्रकाश बाफना के साथ पन्नालाल जैन, दयाशंकर जायसवाल, राजेंद्र लड्ढा, मयंक अग्रवाल, प्रदीप कोटड़िया, शरद राठी, आकाश चोपड़ा और दिनेश चौरड़िया की टीम जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हुई है। सोसायटी के पदाधिकारियों ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना : निगम आयुक्त ने कर्मचारियों को सोलर पैनल लगाने के लिए किया प्रेरित



○ टाउन हॉल में अधिकारियों-कर्मचारियों की ली बैठक, सब्सिडी और ऋण सुविधाओं की दी विस्तृत जानकारी
○ 30 हजार से 78 हजार रुपये तक सब्सिडी का प्रावधान, विधानसभा अध्यक्ष के लाभार्थियों से संवाद का दिया उदाहरण

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम के टाऊन हाल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने निगम में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियो की बैठक लेकर उनसे चर्चा कर योजना की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की महती योजना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। इस योजना से अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करने की जरूरत है। योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का शासन द्वारा प्रावधान है एवं बैक से ऋण लेने की सुविधा भी उपलब्ध है। घर की बिजली की खपत के अनुसार एक, दो या तीन किलोवॉट का सोलर पैनल लगाना है। आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियो से कहा कि बिजली खर्च के बचने अपने घर में सोलर पेनल जरूर लगावे और अपने लोगो को भी प्रेरित करे। इस योजना के संबंध में आवेदन करने, अनुदान राशि, ऋण, सोलर पैनल लगाने, ऑन लाईन एपलीकेशन है। जिसमें आधार कार्ड, बिजली बिल, मकान का दस्तावेंज आदि के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि गत दिनों माननीय विधानसभा अध्यक्ष जी ने अपने निवास कार्यलय में लगभग 4 सौ लाभार्थियों जिनका बिजली बिल शुन्य हो गया, उनसे सीधा संवाद किए। इसका तात्पर्य यह है कि सोलर पेनल लगाने से लाभ मिल रहा है और हमसब अधिकारी कर्मचारी अपने घरो में लगा इसका लाभ ले। बैठक में कार्यपालन अभियंता (संविदा) यूके रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।


कार्यपालिक दण्डाधिकारी महोदय, खैरागढ़, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बुधकंवर देवांगन आ. बैनलाल देवांगन निवासी शहर/ग्राम दपका प.ह.नं. तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.) माता अंकलहिन बाई पिता हगरू मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 26/05/2011 को स्थान मरकामटोला पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 11/8/2026 लिखित में स्वयं/अथवा किसी अपने अभिभावक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 13/07/2026

सुनवाई दिनांक 11/08/2026

कार्यपालिका दण्डाधिकारी
खैरागढ़ (छ.ग.)


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

160-7 239-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **चन्द्रिका बाई पिता-नारायण पति-रायसिंह** जाति-गोड़ निवासी ग्राम-हालमकोड़ो मकान नं. 54, वार्ड नं. 03 तह.-अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से ग्राम सिंघाभेड़ी तह. अं. चौकी प.ह.नं.10 रा.नि.मं. चिल्हाटी जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी छ.ग. में स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है। उक्त भूमि में नाम के स्थान पर **चंदरबती** अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी आधार कार्ड व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **चन्द्रिका बाई CHANDRIKA BAI** अंकित है। उक्त नाम सही हैं। इसलिये राजस्व रिकार्ड में **चंदरबती** अंकित है। उसे सुधार करवाकर **चन्द्रिका बाई CHANDRIKA BAI** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान:-अं.चौकी, दिनांक:-22/07/2026

आवेदिका
चन्द्रिका बाई
कास्तकार ग्राम सिंघाभेड़ी
तह. अं. चौकी जिला मो.मा.अं. चौकी



**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **दयानंद पिता चैनसिंग** जाति-हल्बा निवासी ग्राम पटेली मकान नं.32, वार्ड नं. 07, तह. अं. चौकी,जिला-मोहला मानपुर,अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 की निवासी हूं। जो कि मेरी पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **कुलेश्वरी Phuleshvari** अंकित है। उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरी पुत्री के नाम से जन्म प्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **कुलेश्वरी KULESHVARI** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड मेरे पुत्री के नाम के स्थान पर **कुलेश्वरी Phuleshvari** अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर **कुलेश्वरी KULESHVARI** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान:-अं. चौकी,दिनांक:-24/07/2026

आवेदक
दयानंद
निवासी ग्राम पटेली, तह. अं. चौकी
जिला-मो.मा.अं.चौकी (छ.ग.)


# महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर भाजपा हमलावर : कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज

0 कांग्रेस पदाधिकारी पर फेसबुक पर अमर्यादित टिप्पणी का आरोप, कठोर कार्रवाई की मांग

0 जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा ने सोशल मीडिया पर महिलाओं के सम्मान एवं गरिमा के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा नेताओं ने पुलिस से मामले में त्वरित संज्ञान लेकर आरोपी के खिलाफ कड़ा कानूनी एक्शन लेने की मांग की है। थाने में दी गई शिकायत में उल्लेख किया गया है कि कांग्रेस पदाधिकारी सुरेंद्र वर्मा द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पत्रकार मोहन तिवारी की एक पोस्ट पर महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। भाजपा नेताओं का कहना है कि इस प्रकार की अमर्यादित भाषा न केवल महिलाओं की गरिमा का अपमान है, बल्कि समाज में गलत संदेश देने और सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने का भी कुत्सित प्रयास है।

### कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग

भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देशानुसार थाना कोतवाली पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर पुलिस प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्रचलित कानूनों के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने का दुस्साहस न कर सके। इस दौरान भाजपा नेताओं ने स्पष्ट किया कि महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति और समाज की मूल भावना है। महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी या अमर्यादित आचरण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी, जिला उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जिला मंत्री ऋषिदेव चौधरी, जिला कार्यालय प्रभारी त्रिगुण टांक, सोशल मीडिया संयोजक ईशान शर्मा तथा सह-संयोजक हर्ष अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सनातन संस्कृति का महापर्व : विश्व जागृति मिशन 29 को मनाएगा भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल द्वारा आगामी 29 जुलाई को सनातन संस्कृति का महापर्व गुरु पूर्णिमा महोत्सव पूर्ण श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतवानी के मार्गदर्शन में यह आयोजन सद्गुरु चरण शरण धाम झूलेलाल मंदिर लालबाग में आयोजित होगा। संस्था के सचिव सौरभ खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश भाई पटेल, महेश खंडेलवाल, अरविंद ठक्कर, जितेंद्र शर्मा और निर्भय गढ़पायले ने बताया कि इस महापर्व के अवसर पर सुबह 9 बजे से सद्गुरुदेव सुधांशु महाराज का प्रकृति संरक्षण एवं जीव दया का संदेश देता इंद्रधनुषी सप्तरंगी फूलों से दिव्य-भव्य दरबार सजाया जाएगा।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव प्रातः 9 बजे दिव्य दरबार की स्थापना, प्रातः 9:10 बजे मुख्य अतिथि यशवंत साहू (सपत्नी दुर्गा बाई साहू) द्वारा गुरु ज्ञानज्योति दीप प्रज्वलन, प्रातः 9:15 बजे सद्गुरु चरणारविंद चरण पादुका पूजन, प्रातः 9:30 बजे गुरु मंत्र जाप एवं ध्यान साधना, प्रातः 945 बजे नगर के प्रख्यात भजन गायकों द्वारा गुरु चरण कमल आस्था भजन रस धारा, प्रातः 11 बजे आनंद धाम आश्रम (दिल्ली) से परम पूज्य सद्गुरुदेव सुधांशु महाराज का लाइव दर्शन, वीडियो भक्ति संदेश एवं आशीर्वचन एवं प्रातः 11:30 बजे 21 दीपों से महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

21 दीपों से सुसज्जित सद्गुरु महाआरती में राजस्व विभाग प्रभारी राजा माखीजा मुख्य अतिथि तथा जीवनदीप समिति के सदस्य गुरमुख सिंह वाधवा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं जीवन संचेतना व धर्मदूत पत्रिका का वितरण किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में भानु पटेल, डीसी कोरी, मुरली यादव, श्यामा शरद गुप्ता निरंतर सेवा दे रहे हैं। विश्व जागृति मिशन के संरक्षक नंदकिशोर खंडेलवाल, भगवान जी भाई पटेल, दिनेश श्रीवास्तव एवं शैलेंद्र सिंह ने संस्कारधानी के समस्त गुरुभक्तों व नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु कृपा व आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।


**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **परमीला मात्रम पिता-नारायण** जाति-गोड़ निवासी ग्राम होडीटोला मकान नं.44, वार्ड नं.10, तह.-अं. चौकी जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से ग्राम सिंघाभेड़ी तह. अं. चौकी प.ह.नं.10 रा.नि.मं. चिल्हाटी, जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) में स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है। उक्त भूमि में नाम के स्थान पर **बुधयारिन** अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी आधार कार्ड व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **परमीला मात्रम PARMILA MATRAM** अंकित है। उक्त नाम सही हैं। इसलिये राजस्व रिकार्ड में **बुधयारिन** अंकित है। उसे सुधार करवाकर **परमीला मात्रम PARMILA MATRAM** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं। जो जरूरत वक्त पर काम आर्वे।

स्थान:-अं. चौकी,दिनांक:-22/07/2026

आवेदिका
परमीला मात्रम
कास्तकार ग्राम सिंघाभेड़ी
तह. अं. चौकी जिला- मो.मा.अं. चौकी



## कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक-1118/ रा.नामा./2026-27 | **// नामांतरण प्रकाशन सूचना //** | डोंगरगांव, दिनांक 24/7/2026

कर निर्धारण के स्वामित्व खाते (कर मांग पंजी) में हक हस्तांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये

| क्र. | वार्ड क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/ डिमांड क्रमांक | रकबा / खसरा क्रमांक | भूमि / भवन | वर्तमान मकान/ भूमि स्वामी (हस्तांतरण कर्ता का नाम)/ विक्रेता | आवेदक (हस्तांतरित कर्ता का नाम)/ क्रेता | स्वामित्व अर्जन का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 06 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | 6/100 | 190/1, 0.0080 | पक्का मकान आवासीय | स्व. चैतूराम सतनामी पिता-स्व. नान्हू राम सतनामी, वार्ड क्रमांक 06 सेवतापारा, डोंगरगांव | 1. श्रीमती गीता बाई सतनामी पिता-स्व. चैतूराम सतनामी 2. श्रीमती सुखबती, पति स्व. चैतूराम, सतनामी | मृत्यु प्रमाण पत्र |

हेतु आवेदन पेश किया गया है, यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त ईश्तहार/नामांतरण के संबंध में स्वामित्व हक या दावा रखते हैं तो ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज साहित दावा/आपत्ति लिखित पेश कर सकते है। ईश्तहार के समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद डोंगरगांव

# बर्फानी आश्रम में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव 28 से



राजनांदगांव (दावा)। विश्व शांति एवं मानव सेवा के जनकल्याण के लिए समर्पित बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा प्रसिद्ध संत श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रह्मर्षि बर्फानी दादा की कृपा व प्रेरणा से बर्फानी धाम में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 28 जुलाई से किया जा रहा है। इस महोत्सव में देशभर से बड़ी संख्या में गुरु परिवार के सदस्य व श्रद्धालु भाग लेंगे। संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा (गन्नू) ने बताया कि गुरुदेव बर्फानी दादा के मार्गदर्शन में स्थापित इस सिद्धपीठ में मां पाताल भैरवी, मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग के साथ-साथ अंचल का सबसे बड़ा विशाल स्फटिक व पारद शिवलिंग विराजमान है। जहां गुरुपूर्णिमा का पर्व भव्यता से मनाया जाएगा।

**o दो दिनों तक गुंजेगा गुरु महिमा का गुणगान व हनुमान चालीसा पाठ**
**o दुर्ग की महिला मंडली प्रस्तुत करेगी संगीतमय सुंदरकांड, 29 जुलाई को निकलेगी भव्य पालकी यात्रा**

### दो दिवसीय महोत्सव की रूपरेखा

28 जुलाई को शाम 4 बजे से दुर्ग की महिला मंडलियों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ एवं भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। 29 जुलाई को सुबह 8 बजे आश्रम परिसर में श्री गुरुदेव की भव्य पालकी व शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात गुरु परिवार के सदस्यों व भक्तों द्वारा श्री बर्फानी दादा का पंचामृत, गंगाजल व दुग्धाभिषेक कर विशेष श्रृंगार, पूजन व महाआरती की जाएगी। वहीं सुबह 10 बजे से भक्तों द्वारा संगीतमय भजन, हनुमान चालीसा पाठ एवं गुरु महिमा का गुणगान किया जाएगा। दो दिवसीय आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेंद्र लुनिया, आलोक जोशी, सूरज जोशी, कुलबीर छाबड़ा, आलोक बिंदल, योगेंद्र पांडे, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, दामोदर अग्रवाल, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल सहित समिति के अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# श्री नर्मदेश्वर भगवान भोलेनाथ जी की प्राण प्रतिष्ठा पूजा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी के वार्ड क्रमांक 11 स्थित माँ रणचंडी मंदिर प्रांगण में समस्त वार्डवासियों के सामूहिक सहयोग से श्री नर्मदेश्वर भोलेनाथ जी की प्राण प्रतिष्ठा पूजा एवं धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा, भक्ति और पूर्ण वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, युवा व बच्चे उपस्थित रहे और भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन, जलाभिषेक एवं हवन संपन्न कराया गया। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। भक्तिमय भजनों और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। इस पावन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा सहित नगर के कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा मंदिर समिति व वार्डवासियों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल महाप्रसाद एवं भोग का वितरण किया गया।

**o मां रणचंडी मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हुआ वातावरण**
**o मंदिर परिसर में मूलभूत सुविधाओं हेतु पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने दिया आश्वासन**

### मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण का आश्वासन

आयोजन समिति की ओर से अचला सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्डवासियों के मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने मंदिर परिसर के ग्राउंड में चेकर टाइल्स, बाउंड्री वॉल, चबूतरा निर्माण तथा रोपित वृक्षों की सुरक्षा हेतु फेंसिंग जाली की व्यवस्था जल्द से जल्द कराने का ठोस आश्वासन दिया है। भोग प्रसाद वितरण व व्यवस्था में समाजसेवी हरविंदर सिंह मंगे, प्रकाश बिंदल, प्रिंस कक्कड़, परविंदर सिंह मोंटी, बीरेंद्र साहू, अखिलेश गढ़ेवाल, सप्पु, मयंक डोंगरे, विजेंद्र ठाकुर, ज्योति बड़वाइक, पूनम ठाकुर, प्रतिभा कल्चुरी, संतोषी यादव, मान बाई, रजनी मुनेश्वर, सीता धुर्वे, कविता यादव, गोल्डी यादव, पायल नेताम, दिव्या राजपूत, रश्मि-मनीष दुबे, भुना सेन, रेवती सेन, राधा नेताम, पूनम सिंह राजपूत सहित समस्त वार्डवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# गंज चौक शॉपिंग काम्पलेक्स जीर्णोद्धार कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम की आय में वृद्धि के लिए महापौर मधुसूदन यादव द्वारा निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित पुरानी व्यवसायिक परिसरों का जीर्णोद्धार करने बीड़ा उठाया गया है। इसी कड़ी में उन्होंने निगम स्वामित्व की टाउन हॉल कार्यालय के पास जीई रोड की दुकानों एवं कस्तूरबा महिला मण्डल की ओर की दुकानों का मरम्मत करने दुकानदारों के साथ बैठक कर विभागीय प्रक्रिया करने के निर्देश दिए थे। वहीं गंज चौक के पास निर्मित जीर्ण-क्षीर्ण व्यवसायिक परिसर का जीर्णोद्धार करने गत सप्ताह उनके द्वारा निरीक्षण कर मरम्मत कार्य चालू करने निर्देशित किया गया था।

निर्देशानुसार उक्त काम्पलेक्स का मरम्मत चालू किया गया। जिसका महापौर ने आयुक्त जी.आर. मरकाम, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, पार्षद मनोहर यादव, पूर्व पार्षद विजय राय के साथ निरीक्षण कर मरम्मत कार्य प्रगति की जानकारी ली। गंज चौक व्यवसायिक परिसर के जीर्णोद्धार के तहत काम्पलेक्स की सफाई कर मरम्मत चालू कर दिया गया है। महापौर ने निरीक्षण कर कहा कि काम्पलेक्स जर्जर हो रहा था। जिसे अस्तित्व में लाने मरम्मत कराया जा रहा है। मरम्मत के तहत प्लास्टर पेंट, पुट्टी रैलिंग, सीढ़ी, बिजली आदि दुरूस्त किया जाएगा। इसके अलावा नाली एवं पुलिया निर्माण कर पेवरब्लाक लगाया जाएगा, ताकि उक्त काम्पलेक्स का सदुपयोग किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदार से कहा कि सभी कार्य करने मेन पावर बढ़ाए और समय सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे, प्रतिदिन कार्य की मानिटरिंग कर कार्य में गति लावे। जीर्णोद्धार पश्चात दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया की जाएगी। जिससे निगम के आय में वृद्धि होगी। आयुक्त ने अधिकारियो से कहा कि काम्पलेक्स का जीर्णोद्धार कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने की दिशा में कार्य करे, कार्य में गति लावे, मरम्मत कार्य में किसी प्रकार का अवरोध न हो इसका ध्यान रखा जाए, ताकि तय समय सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे सहित तकनीकि अमला उपस्थित था।

**काम्पलेक्स को अस्तित्व में लाने मरम्मत कार्य में गति लाने दिए निर्देश**

## 10 वर्षीय विशिष्टा ने अंतरराष्ट्रीय कत्थक प्रतियोगिता में लहराया परचम, छत्तीसगढ़ का बढ़ाया मान




राजनांदगांव (दावा)। अखिल नटराजन अंतर सांस्कृतिक संघ (एएनएएसएस) इंडिया द्वारा आयोजित वर्ल्ड परफॉर्मिंग आर्ट कॉन्टेस्ट में छत्तीसगढ़ की बेटी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। कोरबा की 10 वर्षीय प्रतिभाशाली कत्थक नृत्यांगना विशिष्टा श्रीवास्तव ने कत्थक शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है।

ऑनलाईन माध्यम से आयोजित इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विशिष्टा ने 7 जून को अपनी प्रस्तुति दी थी। उन्होंने अपनी शानदार भाव-भंगिमाओं, पदचाप और कत्थक की प्रभावशाली अभिव्यक्ति से निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता की सबसे खास बात यह रही कि पूरे छत्तीसगढ़ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाली विशिष्टा श्रीवास्तव एकमात्र प्रतिभागी थी। अपनी इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय विशिष्टा ने अपने माता-पिता, अपनी बड़ी बहन आशिता श्रीवास्तव और अपनी कत्थक गुरु को दिया है। उनके पिता विजय श्रीवास्तव, माता रितिका श्रीवास्तव और कत्थक गुरु श्रीमती प्रीति चंद्रा के निरंतर मार्गदर्शन व प्रोत्साहन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। इतनी कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहला स्थान हासिल करना विशिष्टा की अटूट लगन, कड़ी मेहनत और कत्थक के प्रति समर्पण का परिणाम है। उनकी यह सफलता न केवल कोरबा और छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है, बल्कि प्रदेश के अन्य बच्चों के लिए भी एक बड़ा प्रेरणास्रोत बनी है।

# गुजराती स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर गुजराती स्कूल में देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविता तथा प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत कर कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया। जिसमें हमारे संस्था की माननीय प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपप्रचार्या श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव ने सभी शहीदों के बलिदान और उनके साहस को नमन किया। संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्र, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, पियूष पटेल एवं अन्य सभी सदस्यगण ने कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर में मोरजध्वज साहू शिक्षक द्वारा सभा का संचालन किया तथा विद्यालय की सभी शिक्षिक/शिक्षिका की उपस्थित रहीं तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कारगिल विजय दिवस प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को भारत की 1999 के कारगिल युद्ध में विजय और वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है।

# केंद्रीय विद्यालय रायपुर रीजनल तीरंदाजी : संस्कारधानी संघ के 5 खिलाड़ियों ने जीते पदक



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी तीरंदाजी संघ जिला इकाई राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का नाम गौरवान्वित किया है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित रायपुर रीजनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में राजनांदगांव केन्द्रीय विद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 खिलाड़ियों ने पदक अपने नाम किए।

उल्लेखनीय है कि सभी खिलाड़ी संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के अंतर्गत नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रतियोगिता में संघ के कुल पांच खिलाड़ियों ने अपने स्कूल की ओर से भाग लिया तथा अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक अर्जित किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले के खेल प्रेमियों एवं तीरंदाजी से जुड़े लोगों में हर्ष का वातावरण है। एनआईएस कोच राहुल साहू ने बताया कि रीजनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के अंडर-19 इंडियन राउंड में संस्कार वर्मा प्रथम, विशेष यादव द्वितीय स्थान प्राप्त किए। इसी प्रकार अंडर-19 कंपाउंड राउंड में मयंक कुमार सिन्हा प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 इंडियन राउंड में यशराज कावरे द्वितीय, वसुधा गुप्ता द्वितीय स्थान पर रही।

एनआईएस कोच श्री साहू ने बताया कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ की ओर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने जिला, संभाग, रीजनल, जोन आदि तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयनित होकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बना लिए हैं। उन्हें एबीस राजनांदगांव द्वारा विशेष प्रशिक्षण हेतु आर्थिक मदद की घोषणा की है। एबीस राजनांदगांव की ओर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने हेतु एनआईएस कोच को उचित पारिश्रमिक प्रदान कर राजनांदगांव के खिलाड़ियों को पारंगत बनाने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं, जो कि हर्ष का विषय है। संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव एवं जिला तीरंदाजी संघ ने राष्ट्रीय खेल में अपनी जगह बनाने एवं अकादमी में चयन होने की इस उपलब्धि पर संघ के संरक्षक महापौर मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, सांसद संतोष पांडे, कोच राहुल साहू एवं कुशल रजक, अंजली यादव, अनुसुइया साहू, भूपेंद्र सिंह, संघ अध्यक्ष राजेंद्र गोलछा, उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आगामी केन्द्रीय विद्यालय राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है कि राजनांदगांव के खिलाड़ी लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

**0 राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी में एबीस करेगा आर्थिक सहयोग**
**0 एबीस द्वारा विशेष प्रशिक्षण हेतु आर्थिक मदद की घोषणा की**

# योगशाला के आठ खिलाड़ियों का जिला स्तरीय योगासन स्पर्धा में हुआ चयन

**यशस्व ठाकुर और खुशी सिन्हा ट्रेडिशनल इवेंट में, प्रियांशी सिंग आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट में लेंगी हिस्सा**



राजनांदगांव (दावा)। योगासन खेल के क्षेत्र में नगर की प्रतिभाएं लगातार अपनी पहचान बना रही हैं। इसी कड़ी में योग शाला के आठ प्रतिभावान खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर अपने विद्यालय, योग प्रशिक्षण संस्थान और नगर का गौरव बढ़ाया है। गत 24 जुलाई को गायत्री विद्यापीठ में आयोजित ब्लॉक स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया। ट्रेडिशनल इवेंट के 14 वर्ष आयु वर्ग बालक वर्ग में पार्थ पारधी तथा बालिका वर्ग में खुशी सिन्हा का चयन हुआ। 17 वर्ष आयु वर्ग बालक वर्ग में यशस्व ठाकुर ने अपनी जगह बनाई। वहीं आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट में प्रियांशी सिंह, आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में खुशी सिन्हा एवं देवांशी साहू तथा रिदमिक पेयर इवेंट में बालिका वर्ग से समृद्धि विश्वकर्मा एवं दीक्षा सिन्हा और बालक वर्ग से हरीश वर्मा एवं पार्थ पारधी का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सभी चयनित खिलाड़ी आगामी 28 जुलाई को गायत्री विद्यापीठ में आयोजित जिला स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा में भाग लेकर नीरज पेरेंट्स प्राईड स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इन खिलाड़ियों की सफलता के पीछे विद्यालय एवं योगशाला द्वारा संचालित विशेष प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण योगदान है। नगर के शिक्षाविद् एवं नीरज पेरेंट्स प्राईड स्कूल के संस्थापक नीरज बाजपेयी तथा योगासन भारत के जिलाध्यक्ष हेमंत तिवारी की प्रेरणा, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती आरती पिल्लई की देखरेख तथा योगशाला के संस्थापक योगाचार्य किशोर माहेश्वरी के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय के 14 वर्ष आयु वर्ग के दर्जनभर से अधिक विद्यार्थियों को योगासन खेल का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

योगासन खेल स्पर्धा के लिए स्तरीय खिलाड़ी तैयार करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए नगर के ख्यातिलब्ध योगाचार्य किशोर माहेश्वरी के कुशल मार्गदर्शन में योगशाला की पूरी टीम निरंतर प्रयासरत है। प्रशिक्षण टीम में राष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी सुश्री दीक्षा ताम्रकार, सुश्री श्रुति ताम्रकार, मोहित सोनी, प्रेम साहू एवं प्रवीण साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम योगासन भारत एवं योगशाला के संयुक्त और अभिनव प्रयास के रूप में आयोजित की जा रही है। वहीं प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें उचित प्रशिक्षण एवं मंच उपलब्ध कराने में विद्यालय की क्रीड़ा शिक्षिका सुश्री सुषमा साहू की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त विद्यालय परिवार ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# पीड़िता की शारीरिक अपंगता का फायदा उठाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव पुलिस ने क्षेत्र की एक मूक-बधिर पीड़िता की शारीरिक अपंगता का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। डोंगरगांव थाना प्रभारी आशीर्वाद रहटगांवकर ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में इस संवेदनशील मामले में भी पुलिस ने तत्परता दिखाई।

### पेट में दर्द होने पर हुआ खुलासा

मामले का खुलासा तब हुआ जब प्रार्थी ने अपनी पुत्री के पेट में दर्द होने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल राजनांदगांव ले जाया। अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि पीड़िता 7 माह की गर्भवती है। यह सुनते ही परिजनों के होश उड़ गए। प्रार्थी ने 24 जुलाई (शुक्रवार) को डोंगरगांव थाने पहुंचकर आरोपी कमलनारायण साहू के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिताकी धारा 64(2)(के) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

### दुभाषिये (सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ) की ली गई मदद

चूंकि पीड़िता मूक-बधिर होने के कारण बोलकर कुछ बता पाने में असमर्थ थी, इसलिए पुलिस ने सीआरसी सेंटर के विशेषज्ञ सांकेतिक दुभाषिये (साइन लैंग्वेज एक्सपर्ट) की मदद ली और पीड़िता का विधिवत बयान दर्ज कराया। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी कमलनारायण साहू पिता सेवाराम साहू उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम तुमड़ीलेवा थाना डोंगरगांव को उसके निवास स्थान से हिरासत में लिया।

पुलिस कस्टडी में कड़ी पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## मन की बात के सामूहिक श्रवण की तैयारियां तेज : किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर ने जारी किए निर्देश




राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी 26 जुलाई को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का जिलेभर में सामूहिक श्रवण किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर के नेतृत्व में संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर ने जिला पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं से अपने-अपने मंडल अध्यक्ष और महामंत्री के समन्वय से बूथ स्तर पर किसी कार्यकर्ता के निवास पर एकत्र होकर कार्यक्रम सुनने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और बूथ स्तर पर संगठन की सक्रियता सुनिश्चित करना है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं को अपनी उपस्थिति का फोटो सरल एप पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि फोटो अपलोड करते समय बूथ नंबर दर्ज करना आवश्यक है। अन्यथा ऐप पर एंट्री स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में संपर्क साधकर तैयारियों को अंतिम रूप दें और प्रत्येक बूथ पर अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करें।किसान मोर्चा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजनांदगांव शहर उत्तर एवं दक्षिण मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाजपा पार्षद एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा के हीरामोती लाइन स्थित निवास पर एकत्र होंगे। 26 जुलाई को सुबह 11 बजे यहां सभी कार्यकर्ता एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री का संबोधन सुनेंगे। जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर ने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# पशु तस्करी के दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े, 6 नग मवेशी व पिकअप वाहन जब्त

**0 डोंगरगांव पुलिस और बजरंग दल कार्यकर्ताओं के समन्वय से ग्राम आयबांधा चौक पर घेराबंदी कर हुई कार्रवाई**
**0 मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ठूंसकर कत्लखाने ले जाया जा रहा था महाराष्ट्र, आरोपी गिरफ्तार**



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव पुलिस ने क्षेत्र में अशोक लीलैंड पिकअप वाहन से मवेशी तस्करी कर रहे दो शातिर आरोपियों को रंगे हाथों धर दबोचा है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 6 नग मवेशी (3 भैंस, 2 भैंसा और 1 पड़वा) को सुरक्षित मुक्त कराकर गौशाला भेजा है, वहीं तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 24 जुलाई की रात बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक संदिग्ध पिकअप वाहन का पीछा करने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाया और ग्राम आयबांधा चौक के पास घेराबंदी कर पिकअप वाहन (क्रमांक सीजी 08 एजेड 7329) को रोक लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 3 भैंस, 2 भैंसा और 1 पड़वा अत्यंत क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरे पाए गए।

### महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जा रहे थे गौवंश

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे मवेशियों को कत्लखाने के लिए महाराष्ट्र ले जा रहे थे। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत अपराध क्रमांक 236/2026 दर्ज कर 25 जुलाई (शनिवार) को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में राधे श्याम अंबादे पिता मदन लाल अंबादे उम्र 35 वर्ष निवासी दामा बंजारी थाना छुरिया व सिद्धार्थ बंसोड़ (पिता अजीत बंसोड़ उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड नं. 1 बजरंगपुर आदि है।

## अनमोल दावा

संभव की सीमा जानने का एक ही तरीका है, असंभव से भी आगे निकल जाना।...

## सम्पादकीय

# शिक्षामंत्री प्रधान का अंततः इस्तीफा, देर आयद-दुरुस्त आयद

देश के विभिन्न मेडिकल कालेजों एम.बी.बी.एस. सहित के अंडर ग्रेजुएट कोर्सेस के लिए नेशनल ऐलिजिबिलिटी कम एंट्रेन्स एक्जामिनेशन (नीट) के पेपर लीक हुए थे। जिसका विरोध आंदोलन में दिखाई दे रहा है। फलस्वरूप, केन्द्र की मोदी सरकार को झुकना पड़ा है। किन्तु, सरकार ने धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को स्वीकार नहीं किया था। अनशन कर रहे सोनम वांगचुक ने भी शिक्षा मंत्री प्रधान के इस्तीफे की मांग की थी।

पेपर लीक केस में सख्त सजा देने के लिए दो साल पहले ही बनाए गए कानून में सुधार करने का निर्णय लिया गया था। सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह कि, 22 दिनों से चल रहे आंदोलन बाबत एक शब्द भी न बोलने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत दिन 12 बजे इंस्ट्राग्राम में मेसेज देकर विद्यार्थियों को गारंटी देनी पड़ी है कि, पेपर लीक के केस में अब तेजी से कार्यवाही होगी। केस चलाने के लिए फास्ट ट्रेक न्यायालयों को स्थापित किया जाएगा, जिसमें गंभीर बड़ी सजा का प्रावधान होगा और इसी के साथ नया कानून भी बनाया जाएगा।

चंद घण्टों में 2024 के कानून में सुधारों का प्रावधान भी तैयार हो गया। गत शुक्रवार को पब्लिक एक्जामिनेशन (प्रीवेन्शन आफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 में सुधार का मसौदा कैबिनेट में पारित हो गया था। फास्ट ट्रेक कोर्ट में पेपरलीक के मामलों का तीन माह में निराकरण करने का आदेश दिया गया। कानून में सुधारों का प्रावधान सोमवार को संसद में पेश करने का निर्णय भी लिया गया था। जिसके आधार पर अचानक ही क्रियान्वयन तेजी से हो रहा है, यह स्पष्ट है। यहां साफ-साफ यह कि योजना बन गई है और किसी भी प्रकार से 'जेन-जी' को खुश कर आंदोलन को समेटने का निर्णय लिया गया।

उल्लेखनीय कि, मोदी सरकार कानून में सुधार करके होनें वाले पेपर लीक को रोक पायेंगे या नहीं? इसमें शंका है। क्योंकि, कानून तो वर्तमान में भी है, इसके बावजुद पेपर लीक हो रहे हैं। 2024 में नीट का पेपर लीक हुआ था, उसके पहले ही मोदी सरकार ने पब्लिक एक्जामिनेश (प्रिवेन्शन आफ अनफेयर मीन्स) एक्ट 2024 बन गया था। मई माह में पेपर लीक हुआ था, जबकि, फरवरी में संसद में विधेयक पारित कर दिया गया था। इसके बावजुद, पेपर लीक हो गए थे। इस कारण, मोदी सरकार ने नोटिफिकेशन देकर 21 जून 2024 से इस पर अमल शुरू कर दिया था।

इस कानून के अधीन सरकारी नौकरियों की भरती के लिए होने वाली परीक्षाओं में छेड़खानी करने के बदले तीन साल की जेल और 10 लाख रूपए का दंड रखा गया है। गेंग बनाकर पेपर लीक करवाने वाले आर्गेनाइजेशन क्राइम गैंग में शामिल लोगों को 5 साल से 10 साल की कैद और एक करोड़ रूपए के दण्ड का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही आर्गेनाइजेशन क्राइम में शामिल आरोपियों, संस्था या कम्पनी की सम्पत्तियों को जब्त करने का भी प्रावधान है।

प्रधानमंत्री ने भी पेपर लीक को घोर पाप कहा था। आधी रात्रि पी.एम. को मेसेज देना पड़ा था। पी.एम. ने विद्यार्थियों को 'फ्रेन्डस' से संबोधित किया था। सोनम वांगचुक 26 दिनों से उपवास कर अनशन कर रहे थे। अनेक दिनों से काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) आंदोलन कर रही थी। जो देशव्यापी होकर उग्र हो गया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सर्वप्रथम यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने 'छात्रों की गूंज' को अपना मिशन बनाकर छात्रों को संबोधित किया था।

भारत का भविष्य क्या होगा? यह भी भविष्य बतायेगा। लेकिन, अब इस बात की खुशी है कि देश के युवानों की नसों में बहता खून अभी पानी नहीं हुआ है। इस देश में मीडिया, बुद्धिजीवियों, न्यायविदों शिक्षाविदों इत्यादि सभी ने छात्रों के आंदोलन का समर्थन किया था। उल्लेखनीय कि, पेपर लीक के कारण अनेक विद्यार्थियों ने आत्महत्या की थी। अब अंततः 'देर आयद-दुरुस्त आयद' की तर्ज पर धमेन्द्र प्रधान ने शिक्षामंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। छात्रों के अलावा कांग्रेस व अन्य राजनैतिक दलों की प्रमुख मांग भी यही थी कि सर्वप्रथम धर्मेन्द्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दें। अब इस्तीफा हो गया है। काकरोच जनता पार्टी व उनसे जुड़े विद्याथियों का आंदोलन खत्म हो गया है। सोमवार से शुरू होनें वाला लोकसभा व राज्यसभा का मानसून सत्र निर्विध्न चलेगा।

मंत्री पद से धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा यह लोकतंत्र की जीत है। सी.जे.पी. की अन्य दो मांगों पर भी मोदी सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार कर स्वीकार करेगी।


# देश के नागरिक अपने काम के लिए भगवान भरोसे

**हरिशंकर व्यास**

**दुनिया के सभ्य व लोकतांत्रिक देशों की तर्ज पर भारत में भी हर सेक्टर के विनियमन के लिए संस्थाएं बनाई गई हैं। बैंकिंग से लेकर बीमा और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने से लेकर दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी करने वाली संस्थाएं हैं। विमानन सेक्टर को रेगुलेट करने वाली संस्था है तो शेयर बाजार की निगरानी करने वाली संस्था भी है। उच्च शिक्षा को विनियमित करने वाली संस्था है तो देश भर में परीक्षा का आयोजन करने वाली संस्था भी है। सड़क परिवहन से लेकर रेलवे के परिचालन तक की एजेंसियां बनी हैं। व्यापार में स्वतंत्र व निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए एजेंसी बनी है। उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिए सिर्फ एजेंसी नहीं है, बल्कि अदालतें भी हैं।**

**आप नागरिक जीवन से जुड़े किसी भी काम के बारे में सोचें और फिर गूगल में सर्च करें तो आपको उस काम से जुड़ी सरकारी एजेंसी का पता चल जाएगा। सवाल है कि जब इतनी नियामक संस्थाएं हैं तो नागरिक सेवाएं नियमित और बेहतर क्यों नहीं हैं? जब इतनी एजेंसियां जनता के पैसे से ही काम कर रही हैं तो फिर जनता उन्हीं सेवाओं को लेकर इतनी परेशान क्यों है? इसका एकमात्र जवाब है कि संस्थाओं की कोई जवाबदेही नहीं है।**

**ऐसा लगता है कि सरकार और सारी सरकारी संस्थाओं व नियामक एजेंसियों के संचालन के लिए देश के नागरिक टैक्स तो भरते हैं लेकिन अपने काम के लिए भगवान भरोसे रहते हैं। यह अपवाद ही होता है कि किसी एजेंसी ने नागरिक की किसी समस्या का समाधान किया। जब ऐसा होता है तो उसकी खबर बनती है। अक्सर अखबारों में या इन दिनों तो सोशल मीडिया में खबर आती है कि किसी ट्रेन यात्री ने ट्रेन की बोगी में गंदगी होने या पानी नहीं होने की शिकायत सोशल मीडिया में की और रेल मंत्री को टैग किया तो तुरंत कार्रवाई हो गई।**



यह असल में पीआर एक्सरसाइज है। अगर सभ्य देश वाली व्यवस्था होती तो बोगी में गंदगी नहीं होती या पानी नहीं समाप्त हो गया होता। व्यवस्था ठीक तरीके से काम नहीं करती है तो उसके बारे में धारणा बनवाने के लिए ऐसी पीआर एक्सराइज की जाती है।

अगर सरकारी नियामक एजेंसियों की बात करें तो एक के बाद एक सारी एजेंसियां समान रूप से अक्षम या विफल दिखाई देंगी। भारत में बीमा सेक्टर को विनियमित करने के लिए इरेडा यानी इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट ऑथोरिटी का गठन किया गया है। लेकिन भारत में बीमा सेक्टर में जैसी गड़बड़ी है वैसी दुनिया के किसी देश में नहीं होगी। इरेडा को लगातार शिकायतें मिल रही हैं लेकिन वह कोई कार्रवाई नहीं करती है। इरेडा को पता है और उसकी रिपोर्ट में बताया गया है कि बीमा एजेंट मिससेलिंग कर रहे हैं यानी झूठ बोल कर लोगों को बीमा बेच रहे हैं परंतु वह कोई प्रभावी कार्रवाई नही कर पाती है।

इरेडा के पास रिपोर्ट है कि निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनियां 40 फीसदी तक क्लेम रिजेक्ट कर रही हैं या बीमा की रकम के मुकाबले बहुत कम भुगतान कर रही हैं। लेकिन वह कुछ नहीं कर रहा है या कर पा रहा है। जीवन बीमा में भी निजी कंपनियों का दावा भुगतान का रिकॉर्ड बहुत खराब है। निजी कंपनियों ने जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर एजेंट का कमीशन चार गुना बढ़ा दिया है, जिससे एजेंट मिससेलिंग ज्यादा करने लगे हैं और ग्राहकों का लाभ कम हुआ है। पर इरेडा को इसकी परवाह नहीं है। नागरिकों से ऊपर बीमा कंपनियों का हित है।

ऐसे ही विमानन सेक्टर को विनियमित करने के लिए नागरिक विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए बना है। लेकिन विमानों का परिचालन विमानन मंत्रालय या डीजीसीए के हिसाब से नहीं होता है, बल्कि विमानन कंपनियों के हिसाब से होता है। भारत में विमानन कंपनियां मनमाना किराया तय करने के लिए स्वतंत्र हैं। ईंधन की किल्लत हुई थी तब सरकार ने इसे नियंत्रित करने का प्रयास किया था। हालांकि तब भी कंपनियां अपने हिसाब से काम करती थीं। लेकिन अब तो पाबंदी भी हटा दी गई है। एक हजार किलोमीटर की यात्रा का किराया भारत में कंपनियां 50 हजार रुपए से ज्यादा तक वसूलती हैं।

प्रयागराज में महाकुंभ के समय पांच सौ किलोमीटर की यात्रा के लिए भी 50 हजार रुपए से ज्यादा वसूले गए। विमानन कंपनियां मनमाना किराया वसूलती हैं और घटिया से घटिया सुविधा देती हैं। किराए की बात हो रही है तो बता दें कि सरकार ने विमानन कंपनियों से कहा था कि वे 60 फीसदी सीटें फ्री रखें और बिना पैसे के टिकट के साथ सीट बुक करें। लेकिन कंपनियों ने इसे मानने से इनकार कर दिया। बाद में सरकार को सरकुलर वापस लेना पड़ा। स्थिति यह है कि विमानन कंपनियां लगभग सारी सीटें अलग से बेचती हैं या टिकट के अलावा अलग से पैसे लेती हैं। अगर चार लोगों का परिवार यात्रा कर रहा है और सोचे कि बिना पैसे दिए सीट हासिल करें तो यह नामुमकिन होगा। अगर सीट मिल भी गई तो पूरा परिवार विमान में अलग अलग बैठा मिलेगा।

विमान यात्री उनकी मर्जी के मोहताज होते हैं। एक घंटे तक की देरी को तो विमानन कंपनियां देरी भी नहीं मानती हैं और न इसके लिए खेद जताती हैं। भारत सरकार के एक मंत्री हैं शिवराज सिंह चौहान कुछ समय पहले एक विमान में टूटी कुर्सी पर बैठ कर आए थे। सोशल मीडिया में शिकायत भी की थी लेकिन हुआ कुछ नहीं। असल में पिछले 12 साल में एक एक करके विमानन कंपनियां बंद होती गईं और सरकार ने दो कंपनियों की मोनोपोली बन जाने दी। उसके बाद सरकार के हाथ में करने को कुछ नहीं रह गया है।

भारत में खाने पानी की वस्तुओं की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए एफएसएसएआई यानी फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड ऑथोरिटी ऑफ इंडिया नाम की एक संस्था है। इसके कामकाज में गड़बड़ियों को लेकर सोशल मीडिया में कई सालों से अभियान चल रहा है। लेकिन कामकाज में सुधार की बजाय एजेंसी सोशल मीडिया हैंडल्स को कानूनी नोटिस भेजती रहती है। हकीकत यह है कि देश में खाने पीने की कोई भी चीज सुरक्षित नहीं है। पहले खुली या कच्ची चीजों में मिलावट की खबर आती है। लेकिन अब पैकेज्ड वस्तुओं की मिलावट ज्यादा चर्चा में है। शैंम्पू और यूरिया की मिलावट से दूध बन रहा है, बाजार में 50 फीसदी तक पनीर व खोया मिलावटी मिल रहा है, मसालों में गोबर की मिलावट पकड़ी जा रही है, फल व सब्जियों पर मात्रा से ज्यादा कीटनाशक की मात्रा मिल रही है, उनमें इंजेक्शन लगाने और रंग चढ़ा कर बेचने की खबरें भी बरसों से चल रही हैं।

नागरिकों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली चीजों की मिलावट खाने पीने की चीजों में हो रही है और लोगों की सेहत पर इसका असर भी दिख रहा है लेकिन इसे नियमित करने के लिए बनी संस्था की कोई जवाबदेही नहीं है। पैकेज्ड वस्तुओं की मात्रा का मामला अलग है। कंपनियां मनमाने तरीके से पैकेट के आकार घटाती हैं या उनमें वस्तुओं की मात्रा कम करती हैं। खाने पीने की एक्सपायर्ड वस्तुएं बाजार में धड़ल्ले से चल रही हैं। व्यवस्थित तरीके से यह काम होता है। बड़ी कंपनियों की एक्सपायर्ड हो चुकी वस्तुओं को लेबल बदल कर वापस बाजार में उतार दिया जा रहा है। एकाध मामले पकड़े जाते हैं बाकी वस्तुएं लोग खा पी रहे हैं।

यही हाल भारत में ड्रग कंट्रोल ऑथोरिटी का है। देश में आए दिन नकली दवाएं पकड़ी जा रही हैं। कैंसर जैसी बीमारी के इलाज में इस्तेमाल होने वाली नकली दवाएं बनती और बिकती हैं। दवा नकली हो या असली अनाप शनाप कीमत पर बिकती है।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 349 : मानव अस्थियों का ढेर, विचलित श्री राम द्वारा राक्षसों के नाश का संकल्प


**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्रीराम, सीता जी और लक्ष्मण जी वन के मार्ग पर हैं। उनके पाँवों में खड़ाऊ भी नहीं हैं। श्री राम और लक्ष्मण जी के हाथों में धनुष है। लक्ष्मण जी ने अपने बाएँ हाथ में पेटिका ली हुई है। सीताजी के कंधे पर पोटलिका है। अगर सहज पगडंडी होती, तो भी कोई बात नहीं थी। ऊबड़-खाबड़ और ऊँचे-नीचे मार्ग पर भारी सामग्रियों को लेकर चलना और भी कठिन है। सीताजी भले ही अयोध्या की सुख- सुविधाओं वाली गृहस्थी छोड़ आई हैं, किंतु जहाँ श्री राम हैं, वहाँ उनकी गृहस्थी है। उनकी पोटली में कुछ पात्र हैं, चषक है।

सीताजी चषक को अपनी पोटली से निकालती हैं और दोनों भाइयों को पीने के लिए प्रेमपूर्वक जल देती हैं। एक स्थान पर एक वृक्ष पर अमरुद दिखाई देते हैं, तो समझो आज का आहार यही हो गया। उस वृक्ष के पास किसी स्थान पर सीताजी की रसोई बन जाती है। अस्थायी रसोई। लक्ष्मण जी कुछ ही क्षणों में कोई वन कंदमूल ढूँढ़ लाते हैं।तीनों प्रेमपूर्वक आहार ग्रहण करते हैं। कुछ देर विश्राम के बाद फिर आगे की यात्रा प्रारंभ।

अश्वमुनि आश्रम से लगभग दो योजन की दूरी तय करने के बाद एक विचित्र पहाड़ी दिखाई दी। इसके निकट जाने पर वीभत्स



दृश्य दिखाई दिए। बड़ी संख्या में मानव अस्थिरों का ढेर और अनेक मानव अंग वहाँ बिखरे हुए थे। श्री राम इस पहाड़ी को देखकर स्तब्ध रह गए। उन्होंने लक्ष्मण जी से कहा, ''निश्चय ही ये निरपराध ऋषि-मुनियों तथा वन-प्रांतर के भोले-भाले रहवासियों की अस्थियां और अंग हैं। राक्षसों ने अत्याचार की पराकाष्ठा को पीछे छोड़ दिया है।''

''मुझे आश्चर्य इस बात का है कि कोई राज्य इन दुर्गम वनों के राक्षसों के विनाश के लिए संगठित सेना भेजकर गंभीर प्रयास क्यों नहीं करता?''-लक्ष्मण जी ने कहा।

विदुषी सीताजी की आँखों में मानवता की यह दुर्दशा देखकर आँसू थे। उन्होंने कहा, ''लक्ष्मण भैया! संभवतः वन के ये दुर्गम क्षेत्र अभी तक अपरिभाषित हैं और स्थानीय सत्ताओं के मध्य इसकी सीमा रेखा को लेकर अनिश्चितता हो।''

श्री राम सामने के इस भयावह दृश्य को देखकर क्रोधित हो गए। उनके मन में मानवता के विनाश के कारण मर्मान्तक पीड़ा है। उन्होंने अपना धनुष उपर उठाकर संकल्प किया, ''मैं इस पृथ्वी को दुष्ट राक्षसों से विहीन कर दूंगा। आज मुझे अपने वनवास का स्पष्ट उद्देश्य वास्तविक आकार में दिखाई दे रहा है। इन अधर्मी राक्षसों को दंड देने का समय प्रारंभ हो रहा है। लक्ष्मण केवल सामने आने पर राक्षसों का विनाश पर्याप्त नहीं होगा बल्कि हमें ढूंढकर उन स्थानों की ओर बढ़ना होगा जहां इन राक्षसों से द्वंद्व की संभावना हो।''

कुछ देर रुकने के बाद यात्रा पुनः प्रारंभ हुई। यहाँ से सुतीक्ष्ण आश्रम लगभग डेढ़ कोस की दूरी पर है। तीनों ने दो मुहूर्त बीतने के पूर्व ही सुतीक्ष्ण आश्रम क्षेत्र में प्रवेश कर लिया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### बीच का रास्ता

बानी बोले - सुनिए गजाधर !
आज की महत्वपूर्ण खबर -
नीट पेपर लीक मामले में
काकरोच जनता पार्टी के
जन्तर-मन्तर में भारी प्रदर्शन के बीच
पी.एम. मोदी जी ने 24 घंटे में
6 बड़े और अभूतपूर्व फैसले लिये।
एनटीए यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के
47 अधिकारी को बर्खास्त किए।
कानूनी कार्रवाई भी होगी
आपराधिक प्रकरण भी दर्ज होगा।
पर सीजेपी और विपक्ष की ओर से
केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की
सरकार ने साफ संकेत दिया है
कि वह इस मांग को स्वीकार नहीं करेगी।
श्री प्रधान इस्तीफे नहीं देंगे।
गजाधर इस पर आप क्या कहेंगे ?
जबकि सीजेपी की स्पष्ट घोषणा है
कि प्रधान के इस्तीफे के बिना
खत्मा नहीं होगा आन्दोलन।
गजाधर बोले - बानी !
मैं समझ नहीं पा रहा हूँ सरकार का मन।
क्यों प्रधान को इस कदर
सुरक्षित मंत्री बना दिया गया है ?
क्यों उनसे इस्तीफा नहीं लिया गया है ?
मोदी जी तो 'सर्वाधिकारी' पीएम हैं।
मोदी चाहे जो भी कारण हो,
शिक्षामंत्री प्रधान से अगर इस्तीफा नहीं ले सकते हैं,
तो मेरा कहना है बानी!
धर्मेन्द्र प्रधान पर जब सरकार की ऐसी कृपा है
तो उनका किसी अन्य विभाग में
ट्रांसफर किया जाये
और जितेन्द्र सिंह जी को
शिक्षा मंत्री बना दिया जाये।
यह बीच का रास्ता है यार !
जो सभी को होगा स्वीकार!
(शनिवार 25 जुलाई 2026)



गिरीश बख्शी

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके जीवन में नए अवसर लेकर आने वाला है। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। आज आप मजबूती के साथ एक नई शुरुआत करेंगे। यह समय अपने व्यवहार और पिछले दिनों में की गई गलतियों में सुधार लाने का है। बिजनेस में नए ऑर्डर और एग्रीमेंट मिलने की प्रबल संभावना है।

**वृष राशि** — आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज अचानक ही महत्वपूर्ण काम के पूरे हो जाने से आपको बहुत प्रसन्नता होगी। आज आपका अधिकतम समय धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में बीतेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से रिश्ते में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। किसी निवेश में फंसा हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है।

**मिथुन** — आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज कारोबार में छोटी-छोटी बारीकियां समझना जरूरी है किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा। आज आपकी खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है। ऑफिस में उच्च अधिकारियों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इजाफ़ा करेगा। व्यापार में रोज की अपेक्षा अधिक मुनाफा होने की उम्मीद है।

**कर्क** — आज आपका दिन मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज के दिन यदि धैर्य और समझदारी से कार्य करेंगे तो आपको सफलता मिलनी तय है। घर के रखरखाव अथवा नवीनीकरण संबंधी योजना बना सकते हैं। जमीन जायदाद खरीदने के सिलसिले में आज आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए लकी साबित होने वाला है। आज आप घर पर ही धार्मिक अनुष्ठान करवाने की योजना बनायेंगे। भविष्य को लेकर बनाई कार्य योजनाएं आज कारगर साबित होंगी। आज संतान को सफलता मिलने से घर में खुशियां बढ़ेगी। कारोबार में समझदारी से लिए गए फैसलों का आज आपको सकारात्मक परिणाम प्राप्त होगा।

**कन्या** — आज आपका दिन आपके लिए यादगार साबित होगा। प्रतियोगी छात्रों के लिए किसी परीक्षा का मोस्ट अवेटेड रिजल्ट उनके पक्ष में आएगा। आज उनका चयन प्रशासनिक क्षेत्र में हो जाने से घर में उत्सव जैसा माहौल होगा। आज घर पर मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे लोगों का आना जाना लगा रहेगा। आज आप कम्प्यूटर कोर्स सीखने का मन बनायेंगे।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। आज हर रोज की गतिविधियों और व्यस्तता से राहत पाने के लिए कुछ समय अपने लिए भी जरूर निकालें। आप अपनी पारिवारिक व व्यावसायिक जिम्मेदारियों को आज बखूबी निभाएंगे। स्टूडेंट्स को आज टीचर द्वारा विशेष मार्गदर्शन मिलेगा। आज आपके मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर पर आपके अच्छे गुणों की चर्चा होगी। मीडिया और ऑनलाइन माध्यम से आपको बिजनेस से रिलेटेड जानकारी मिलती रहेगी। पैतृक संपत्ति से लाभान्वित हो सकते हैं। लंबे समय से चल रही योजना में आज कुछ नए बदलाव भी कर सकते हैं। समाज में आपके द्वारा किए गए कार्यों की काफी सराहना होगी।

**धनु** — आज आपका दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आपकी कार्य योजनाओं को आज सकारात्मक दिशा मिलेगी। रियल स्टेट और प्रॉपर्टी संबंधी रुका हुआ मामला किसी खास व्यक्ति की मदद से पूरा हो जाएगा। आपके सहज और मिलनसार स्वभाव की वजह से लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे। स्टूडेंट्स करियर में बेहतर करने के लिए किसी अच्छे एक्सपर्ट से सलाह ले सकते हैं।

**मकर** — आज का दिन आपके जीवन में नई संभावनाएं लेकर आने वाला है। आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे साथ ही पिछले कुछ समय से चल रही आर्थिक समस्याओं से आज राहत मिलेगी। व्यक्तित्व को निखारने के लिए किये गये प्रयास का अच्छा परिणाम आज सामने आएगा और समाज में आपकी एक नई छवि बनेगी।

**कुंभ** — आज दिन आपके लिए ज्ञानवर्धक रहेगा। आज आप किसी सेमिनार में हिस्सा लेंगे जहां आप काफी जानकार लोगों से मिलेंगे कुछ नया सीखने को मिलेगा इसके अलावा किसी धार्मिक समारोह अथवा सम्मेलन में शामिल होने का अवसर मिलेगा। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का उनकी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है।

**मीन** — आज का दिन आपके फेवर में रहेगा। टेक्नोलॉजी से जुड़े लोगों को आज नए अवसर मिलेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। इस समय कई खर्चे सामने आएंगे, लेकिन साथ ही साथ आय के स्त्रोत बढ़ने से आर्थिक समस्या नहीं रहेगी। इस राशि के लेखकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

## चिन्तन

**प्रजातंत्र में, नैतिकता एवं जनता के प्रति जबाव देही अनिवार्य घटक है**
**प्रजातंत्र में जनता के प्रति जबाव देही अनिवार्य धर्म है.**
**जिस जनता को चुनावी मौसम में जनार्दन कहते है उसी पर बर्बरता स्वीकार्य नहीं....**
**इसकी अनदेखी करना तानाशाह की राह प्रशस्त करने जैसा है.....**



गजेंद्र बख्शी
अधिवक्ता
9827184147

## काव्य-प्रवाह

**जय जीवन तेरा अभिनंदन**
**सद्कर्मों का शत-शत वंदन**
**आलोकित आभा मंडल में**
**हर मर्म हुआ है रोली-चंदन।**



शत्रुघन सिंह राजपूत
गौरीनगर, राजनांदगांव
मो. 7587101862

# एक कर्मचारी के भरोसे छुईखदान की देशी शराब दुकान ! बेकाबू भीड़ में जेबकतरे सक्रिय, सड़क पर छलक रहे जाम

**0 रोजाना बन रहे विवाद के हालात, महिलाओं और छात्राओं का राह चलना हुआ दुश्वार**

**0 आबकारी विभाग बोला- जानकारी नहीं थी, अब होगी तत्काल सख्त कार्रवाई**



छुईखदान (दावा)। नगर स्थित देशी मदिरा दुकान में अव्यवस्था दिन-ब-दिन गंभीर रूप लेती जा रही है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पूरी दुकान का संचालन महज एक कर्मचारी के भरोसे छोड़ा गया है। पर्याप्त अमला न होने के कारण ग्राहकों की बेकाबू भीड़ के बीच धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है। शाम ढलते ही दुकान के बाहर पियक्कड़ों का जमावड़ा लग जाता है। भीड़ और अव्यवस्था का फायदा उठाकर क्षेत्र में जेबकतरे भी सक्रिय हो गए हैं। जो आए दिन लोगों के पैसे और मोबाइल पार कर रहे हैं।

### सड़क किनारे खुलेआम छलकाए जा रहे जाम

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि शराब खरीदने के बाद कई लोग मुख्य सड़क किनारे ही खुलेआम जाम छलकाने लगते हैं। इसके चलते सार्वजनिक मार्ग पर असामाजिक और अराजक माहौल निर्मित हो जाता है। शाम के वक्त सड़क पर होने वाले शोर-शराबे और गाली-गलौज के कारण महिलाओं, छात्राओं और आम राहगीरों को भारी असहजता झेलनी पड़ रही है। वहीं कई लोग अपना रास्ता बदलने को मजबूर हैं। व्यापारियों का भी कहना है कि इस स्थिति से व्यापार और माहौल दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल, उठाई मांग

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सार्वजनिक स्थानों पर बेखौफ शराब पीने की घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नागरिकों ने मांग की है कि शराब दुकान में तुरंत पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए। दुकान और आसपास सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त की जाए। सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों पर नियमित पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई हो।

### आबकारी विभाग का पक्ष : मामला संज्ञान में आया, होगी जांच

इस संबंध में जब आबकारी विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस प्रकार की अव्यवस्था और सड़क पर खुलेआम शराब पीने की जानकारी नहीं थी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामला अब संज्ञान में आ चुका है। जल्द ही मौके का निरीक्षण कराया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी और दुकान में कर्मचारियों की कमी को भी जल्द दूर किया जाएगा। अब देखना होगा कि आबकारी विभाग और स्थानीय प्रशासन इस दिशा में कब तक ठोस कदम उठाता है। क्योंकि ढिलाई जारी रहने पर किसी बड़ी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# ग्राम खौड़ा में नवनिर्मित पंचायत भवन का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया लोकार्पण



**○ 15 लाख रुपये की लागत से बना है नया पंचायत भवन**

**○ पंचायत भवन केवल कार्यालय नहीं, ग्रामीण विकास और सामाजिक सहभागिता का प्रमुख केंद्र : विजय शर्मा**

खैरागढ़ (दावा)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले के विकासखंड छुईखदान अंतर्गत ग्राम खौड़ा पहुंचकर 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गांवों के समग्र विकास और पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन केवल एक प्रशासनिक कार्यालय नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण विकास, सामाजिक सहभागिता और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन का प्रमुख केंद्र होता है।

उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से नए पंचायत भवन का बेहतर उपयोग करते हुए गांव के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, ग्राम सरपंच जनेराम पटेल, घम्मन साहू, राजेश मेहता, राकेश ठाकुर, राजू जंघेल, पंच हरी पटेल, सुखदेव पटेल, पेशी पटेल, रामनाथ पटेल, उमा बाई यादव, इंदिरा बाई पटेल, जेठिया बाई पटेल, शांति बाई धुर्वे, भूरी बाई पटेल, चम्पू बाई पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

# उप-पंजीयक कार्यालय भवन का भूमिपूजन, सभापति सुमित ताम्रकार ने की शुरुआत



डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 23 (सिविल लाइन) में नए उप-पंजीयक (रजिस्ट्री) कार्यालय भवन निर्माण का भूमिपूजन वार्ड पार्षद एवं सभापति सुमित ताम्रकार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। भूमिपूजन के पश्चात उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए सभापति सुमित ताम्रकार ने कहा कि वार्ड में उप-पंजीयक कार्यालय का निर्माण क्षेत्र के तेज विकास को दर्शाता है। इस कार्यालय के शुरू होने से न केवल आम जनता को रजिस्ट्री संबंधी कार्यों के लिए सुगमता होगी, बल्कि आसपास के क्षेत्र में नए व्यावसायिक और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण से आसपास का वातावरण भी सुंदर और व्यवस्थित बनेगा। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठ नागरिक मोहन यादव, मुन्ना सहारे, शेखर विश्वकर्मा, जगदंबा विश्वकर्मा, वीरेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय वार्डवासी उपस्थित थे।

### शासकीय कार्य में बाधा डालने की एसडीएम से शिकायत

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों एवं जन प्रतिनिधियों ने वार्ड में हो रहे शासकीय विकास कार्यों में रुकावट डालने वालों के प्रति नाराजगी जताई। सभापति एवं नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि पास के वार्ड 22 के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आए दिन शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न की जाती है और गाली-गलौज की जाती है। उन्होंने एसडीएम से ऐसे तत्वों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# आज गंडई में जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कॅरियर गाइडेंस समारोह

**0 प्रतिभावान विद्यार्थियों का होगा सम्मान, विशेषज्ञ देंगे करियर और प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी**

गंडई-पंडरिया (दावा)। लक्ष्य छत्तीसगढ़ की जिला इकाई खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के तत्वावधान में जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं करियर गाइडेंस समारोह-2026 का आयोजन 26 जुलाई को प्रातः 10 बजे कृषि उपज मंडी गंडई में किया जाएगा। समारोह का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करना तथा उन्हें उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार के अवसरों एवं करियर निर्माण के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, करियर चयन और भविष्य की संभावनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी जाएंगी। आयोजन में प्रमुख वक्ता के रूप में प्रो. डॉ. डीके वर्मा दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव एवं डॉ. अश्वनी वर्मा बीएमओ साजा (जिला बेमेतरा) उपस्थित रहेंगे। दोनों विशेषज्ञ विद्यार्थियों को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सफल करियर निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम में समाज के जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, प्रबुद्धजन, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों की उपस्थिति रहने की संभावना है। लक्ष्य जिला अध्यक्ष अवध चंदेल ने जिले के सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# शिवनाथ नदी के तेज बहाव में बहे दो बच्चे, एक का शव बरामद

दुर्ग (दावा)। पुलगांव थाना क्षेत्र के छातागढ़ स्थित शिवनाथ नदी में एक बार फिर दर्दनाक हादसा सामने आया है। जन्मदिन मनाने पहुंचे दुर्ग के उरला निवासी 7-8 दोस्तों में से दो बच्चे नदी में नहाने के दौरान तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए। हादसे के बाद एसडीआरएफकी टीम ने तलाश शुरू की, जिसमें एक बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक, उरला निवासी कुछ दोस्त जन्मदिन सेलिब्रेट करने के लिए छातागढ़ पहुंचे थे। बर्थडे सेलिब्रेशन के बाद शाम करीब 4 बजे दो बच्चे नदी में नहाने के लिए उतरे। इसी दौरान वे शिवनाथ नदी के तेज बहाव में बहने लगे। किनारे मौजूद एक अन्य दोस्त ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी के तेज बहाव के कारण वह सफल नहीं हो सका। हादसे के बाद डरे-सहमे बच्चों ने काफी देर तक अपने स्तर पर दोनों की तलाश की। जब उन्हें सफलता नहीं मिली तो करीब तीन से साढ़े तीन घंटे बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे और बच्चों की तलाश शुरू की, लेकिन अंधेरा होने और पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं होने के कारण तत्काल सफलता नहीं मिल सकी। बाद में एसडीआरएफकी टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर एक बच्चे का शव बरामद कर लिया।

# डोंगरगढ़ विकासखंड में संपर्क स्मार्ट शाला गणित एवं अंग्रेजी प्रशिक्षण संपन्न



**222 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण, डिजिटल एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण को मिलेगा नया आयाम**

डोंगरगढ़ (दावा)। जिला कलेक्टर जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में संपर्क फाउंडेशन एवं समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद स्कूल डोंगरगढ़ में विकासखंड स्तरीय संपर्क स्मार्ट शाला गणित एवं अंग्रेजी प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। 222 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक सतीश व्यवहारे, एपीसी मरकाम सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए विद्यालयों में संपर्क टीवी एवं संपर्क टीएलएम किट के नियमित एवं प्रभावी उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं एफएलएन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए तकनीक आधारित, नवाचारी एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण आज की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिला संपर्क फाउंडेशन के माध्यम से पूरे देश में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अग्रणी जिलों में शामिल है। जिले के शिक्षक संपर्क टीवी एवं संपर्क टीएलएम किट का सर्वाधिक प्रभावी उपयोग कर विद्यार्थियों को स्मार्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर उसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के लिए भी सभी शिक्षकों को प्रेरित किया गया।

प्रशिक्षण का संचालन फाउंडेशन,प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर राजेश साहू, मैनेजर सुजय विश्वास, विजय अनेस्वरी एवं सुश्री आनंदा तिवारी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को एससीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित गणित एवं अंग्रेजी के डिजिटल लेसन प्लान, वर्कशीट, आकलन प्रक्रिया, तेज दिमाग गतिविधियां, बी-फिट, ऑडियो-वीडियो शिक्षण सामग्री तथा गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धतियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने समूह चर्चा में सक्रिय भागीदारी करते हुए डिजिटल शिक्षण, दक्षता-आधारित मूल्यांकन, प्रभावी कक्षा प्रबंधन तथा विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों में सुधार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विद्यालयों में संपर्क स्मार्ट शाला मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। समापन अवसर पर सभी शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में संपर्क टीवी एवं टीएलएम किट का नियमित उपयोग करते हुए छात्र-केंद्रित, तकनीक-सक्षम एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में निरंतर सुधार लाने का संकल्प लिया। यह प्रशिक्षण शिक्षकों की क्षमता संवर्धन, डिजिटल शिक्षा के विस्तार तथा राजनांदगांव जिले में गुणवत्तापूर्ण, नवाचारी एवं तकनीक-सक्षम शिक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। प्रशिक्षण के सफल आयोजन में मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, डलेश्वर देवांगन, जितेंद्र चौरे, श्रीमती पुष्पांजलि चंद्राकर एवं राजेश देवांगन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सेंट विंसेंट पैलोटी स्कूल में पर्यावरण समापन समारोह का भव्य आयोजन




डोंगरगढ़(दावा)। सेंट विंसेंट पैलोटी इंटरनेशनल रेसिडेंशियल स्कूल डोंगरगढ़ में पर्यावरण समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर फादर मुक्ति प्रकाश किस्कोट्टा, संस्था के प्राचार्य फादर अमीत तीग्गा, हॉस्टल एडमिनिस्ट्रेटर फादर रवि कंडुलना तथा विद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। समारोह में कोरल हाउस, टोपाज हाउस, एमराल्ड हाउस एवं सैफायर हाउस के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मनमोहक नृत्य, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता का प्रभावशाली संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा सभी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन संदीप श्रीवास के निर्देशन में किया गया।

# गुरु पूर्णिमा पर ग्राम बनभेड़ी में होगा भव्य आयोजन : वायरल पटपर झांकी रहेगी मुख्य आकर्षण




**○ श्री भुवनेश्वर परिवार के तत्वावधान में 29 जुलाई को आयोजित होगा सम्मान समारोह**

**○ राजनांदगांव व मोहला-मानपुर जिले के वरिष्ठ रचनाकार, गुरुजन और कलाकार होंगे सम्मानित**


राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री भुवनेश्वर परिवार के तत्वावधान में आगामी 29 जुलाई को ग्राम बनभेड़ी (राजनांदगांव) में गुरु पूर्णिमा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। इस अवसर पर राजनांदगांव तथा मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले के वरिष्ठ साहित्यकारों, रचनाकारों, गुरुजनों और कलाकारों का गरिमामयी सम्मान किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम में भुवनेश्वर परिवार से जुड़ी कई नामचीन और प्रसिद्ध सांस्कृतिक मंडलियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी तथा गुरु पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर अपनी कला के रंग बिखेरेंगी।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले मंडलियों में शीतला मानस परिवार (रेवाड़ीह), जय मां अम्बे आरुषि बालिका भुवनेश्वर जस परिवार (गोड़री, अर्जुनी), नवदुर्गा भुवनेश्वर जस जगराता एवं फाग परिवार (झींका), जय मां शीतला देशफितिन भुवनेश्वर जस झांकी परिवार (रेवाड़ीह), मईया के दीवाना श्री भुवनेश्वर जस परिवार (मटिया, ढाबाडीह-बलौदाबाजार) एवं श्री दाई के दूलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार (पटपर, धर्मनगरी डोंगरगढ़) - छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध एवं वायरल झांकी टीम होंगे।

समारोह में उपस्थित सभी कलाकार और शिष्य मिलकर जस व फाग के प्रख्यात रचनाकार भुनेश्वर प्रसाद साहू एवं लीलाराम साहू का विशेष सम्मान करेंगे।

कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी अध्यक्ष विकास टंडन, मीडिया प्रभारी विमल दास साहू, उपाध्यक्ष संजू हिरवानी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दी गई है। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त कला और धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# राजस्व नक्शा रिकॉर्ड में दर्ज हुआ ग्राम बांधाबाजार : ग्रामीणों में खुशी की लहर



**○ लंबे समय से चली आ रही मांग हुई पूरी, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा ने शासन-प्रशासन का जताया आभार**

**○ शासकीय योजनाओं, दस्तावेजों और क्षेत्र के विकास कार्यों को मिलेगी गति**

बांधाबाजार (दावा) । क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है। अब शासकीय राजस्व रिकॉर्ड एवं नक्शे में 'ग्राम बांधाबाजार' का नाम विधिवत दर्ज कर लिया गया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर स्थानीय ग्रामीणों, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने खुशी जाहिर करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा तथा शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। नाम दर्ज होने पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा ने कहा कि ग्राम बांधाबाजार क्षेत्र के व्यापारियों, किसानों एवं आम जनता की यह वर्षों पुरानी मांग थी। अब राजस्व रिकॉर्ड और नक्शे में नाम दर्ज होने से यहां के नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने, भूमि संबंधी दस्तावेजों को दुरुस्त कराने तथा क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में काफी आसानी होगी।

श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से आम जनता की समस्याओं के त्वरित एवं स्थाई समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राम का नाम आधिकारिक राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज होना क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष किसान मोर्चा संदीप मेश्राम, जनपद सदस्य किशोर मेश्राम, द्वारका खंडेलवाल, दिनेश्वर साहू, मुरारी खंडेलवाल, विनीत शर्मा, हरीश शर्मा, सुनीता विश्वकर्मा, उमाकांत वाजपेई, कमलेश बाजपेई, संतोष शुक्ला, चैन सिंह नेताम, शब्बीर खान, संतोष चौधरी सहित स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के व्यापारी बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने शासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए एक-दूसरे को बधाई दी।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान : विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में रोपे गए 50 पौधे




**○ डोंगरगढ़ के सभी विद्यालय परिसरों में इको क्लब के माध्यम से किया जा रहा पौधरोपण : बीईओ श्रीनिवास मिश्रा**

डोंगरगढ़ (दावा)। पर्यावरण को हरा-भरा और सुरक्षित बनाने के राष्ट्रीय संकल्प के तहत 25 जुलाई को विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय डोंगरगढ़ परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्र-छात्राओं के सहयोग से नीम, आंवला, पीपल, आम, अमरूद, जामुन, बांस, सोनपत्ती, नींबू व सागौन सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार प्रजातियों के लगभग 50 पौधे रोपित किए गए। वृक्षारोपण के पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और बच्चों ने रोपे गए पौधों की नियमित सुरक्षा और संवर्धन का दृढ़ संकल्प लिया।

### स्कूलों में विकसित हो रहीं पोषण वाटिकाएं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा ने कहा कि इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत विकासखंड के सभी विद्यालय परिसरों में इको क्लब के माध्यम से पौधे लगाए जा रहे हैं, साथ ही स्कूलों में पोषण वाटिका और किचन गार्डन भी विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने पौधा लगाने के बाद निर्धारित पोर्टल पर जियो-टैग ऑनलाइन प्रविष्टि की प्रक्रिया की भी जानकारी दी।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राजनांदगांव जिलाध्यक्ष उमेश हथेल ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह वृहद प्रयास ग्लोबल वार्मिंग और जल संकट जैसी भविष्य की गंभीर समस्याओं से निपटने में ठोस कदम साबित होगा। सहायक राज्य आयुक्त व डोंगरगढ़ विकासखंड अध्यक्ष दविंदर सिंह भाटिया ने कहा कि पेड़ हमें शुद्ध वायु, ऑक्सीजन और छाया प्रदान करते हैं। पृथ्वी को स्वस्थ व समृद्ध बनाए रखने के लिए इनका संवर्धन हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अभियान में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला सचिव देवेंद्र अंबादे, जिला संगठन आयुक्त मयुख श्रीवास्तव, संकुल समन्वयक अमृत दास साहू, बीईओ कार्यालय के कर्मचारी प्रणय तांबेकर, बलीराम उइके, प्रमोद सिन्हा, सुधाकर वारेन, संतोष यादव, किरण लिल्हारे सहित स्काउट्स एंड गाइड्स के छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी वरिष्ठ शिक्षक इनायत अली द्वारा प्रदान की गई।

# शिक्षा मंत्री का इस्तीफा छात्रों के संघर्ष और राहुल गांधी के निरंतर जन आंदोलन की जीत - विष्णु लोधी



डोंगरगढ़(दावा)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को देशभर के छात्रों, युवाओं, अभिभावकों तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लंबे लोकतांत्रिक संघर्ष की ऐतिहासिक जीत बताया है।

उन्होंने कहा कि 'छात्रों की गूंज' अभियान के माध्यम से राहुल गांधी स्वयं छात्रों के बीच पहुंचे। उनसे संवाद किया और उनकी मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से उठाया। उन्होंने शुरुआत से ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। छात्रों का मनोबल बढ़ाया। उनकी समस्याओं को सुना और सड़क से लेकर संसद तक लगातार उनके हक और अधिकार की आवाज़ बुलंद की। विष्णु लोधी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आगे भी छात्रों, युवाओं और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ती रहेगी तथा किसी भी विद्यार्थी के भविष्य के साथ अन्याय नहीं होने देगी।

# पहला कॉलम...

## पाकिस्तान की टीम को बड़ा झटका, बाहर हुआ अब्दुल्ला फजल

नई दिल्ली। पाकिस्तान की टीम को 25 जुलाई से वेस्टइंडीज के दौरे पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेलना है, लेकिन उससे पहले उनको एक बड़ा झटका युवा खिलाड़ी अब्दुल्ला फजल के रूप में लगा है जो बैक इंजरी के चलते बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की तरफ से जारी के बयान में जानकारी दी गई कि अब्दुल्ला फजल को यह इंजरी उस समय हुई जब वह 23 जुलाई को ट्रेनिंग सेशन के दौरान चोट लगी। 23 साल के फजल मई में बांग्लादेश के खिलाफ डेब्यू करने के बाद से पाकिस्तान के सबसे होनहार खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे हैं, ऐसे में उनके बाहर होने से पाकिस्तानी टीम के कप्तान बाबर आजम की टेंशन जरूर बढ़ गई है। अब्दुल्ला फजल ने इस साल मई महीने में बांग्लादेश के दौरे पर खेली गई टेस्ट सीरीज में डेब्यू किया था, जिसमें उनका शानदार प्रदर्शन देखने को मिला था।

क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार क्ष्ष्क्ष ने उनकी चोट को लेकर जो बयान जारी किया है उसमें उन्होंने में यह नहीं बताया गया कि ट्रेनिंग सेशन के दौरान चोट कैसे लगी, लेकिन उनकी तरफ से दी गई जानकारी में बताया कि रूऋढ्ढ स्कैन और क्लिनिकल जांच के बाद टीम के मेडिकल पैनल ने पुष्टि की कि अब्दुल्ला को ठीक होने के लिए रिहैबिलिटेशन की जरूरत होगी। ऐसे में अब अब्दुल्ला के वेस्टइंडीज के साथ इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली इसके बाद टेस्ट सीरीज में भी वापसी करना काफी मुश्किल दिख रहा है। वहीं पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने अब्दुल्ला के बाहर होने को लेकर कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि वह जल्द ठीक हो जाएंगे। उनमें जिस तरह का टैलेंट है उससे वह काफी आगे जाएंगे। अपनी पहली सीरीज के बाद वह बहुत आत्मविश्वास से भरे हुए थे और उनका मनोबल बहुत उंचा था।

## होर्मुज स्ट्रेट के पास एलपजी टैंकर पर मिसाइल हमला, 28 भारतीय थे सवार

नई दिल्ली। ईरान के जलक्षेत्र में शुक्रवार को एक एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) टैंकर पर हमला हुआ. जहाज पर सवार सभी 28 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं. तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि वह संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है और पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है.

भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में बताया कि मोजाम्बिक के झंडे वाले रुक्क्त्र टैंकर %दिशा% पर हमला हुआ, लेकिन राहत की बात यह है कि सभी भारतीय चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं. भारतीय समुद्री कर्मचारियों के संगठन फॉरवर्ड सीमेन्स यूनियन ऑफ इंडिया के मुताबिक, यह हमला होर्मुज स्ट्रेट के पास एक अज्ञात मिसाइल से किया गया. उस समय टैंकर फारस की खाड़ी की ओर बढ़ रहा था. हालांकि, हमले के पीछे किसका हाथ है, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है.

## रोहित शर्मा के 2027 वर्ल्ड कप खेलने पर BCCI अधिकारी का बड़ा दावा

नई दिल्ली। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए टीम इंडिया के ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा के रिटायरमेंट को लेकर खूब चर्चा हुई. मीडिया रिपोर्ट में ये दावा कर दिया गया था कि लॉर्ड्स में वह अपना आखिरी वनडे मैच खेलेंगे, लेकिन इसी मैच में रोहित ने दमदार शतकीय पारी खेलकर रिटायरमेंट की बात करने वालों को चुप करा दिया. वहीं, अब बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने रोहित के इंटरनेशनल करियर को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है.

राजीव शुक्ला ने रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय भविष्य को लेकर चल रही अटकलों को खारिज कर दिया है. इसके साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के ओपनर बल्लेबाज के वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का कोई सवाल ही नहीं है. रोहित के भविष्य पर तब सवाल उठे थे जब ऐसी खबरें आई थीं कि इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज उनके लिए भारत के लिए आखिरी हो सकती है, जिसमें मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उन्हें बताया था कि वह 2027 अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए उनकी योजनाओं में अब नहीं हैं.

## भारत-पाक मुकाबले में हाथ मिलाने पर फिर सवाल

नई दिल्ली। ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। जहां पुरुषों के जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम के बीच मेडल के लिए मुकाबला सुर्खियों में रहेगा, वहीं पुरुषों की बॉक्सिंग के क्वार्टर-फ़ाइनल में भारत के जादुमणि सिंह मंडेन्गबाम का सामना पाकिस्तान के सुमामा रहमान से होगा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ भारत के खेल और द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर हैं। इसके बाद हुए क्रिकेट इवेंट्स में - जिनमें टी20 वर्ल्ड कप, एशिया कप और चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले शामिल हैं - भारत ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। सभी आयु वर्गों में इस प्रोटोकॉल का पालन किया गया।

# बिहार के लाल झंडू कुमार ने रचा इतिहास कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को दिलाया पहला मेडल



नई दिल्ली. कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत का पहला पदक बिहार की माटी के लाल झंडू कुमार की बदौलत आया है. मेंस हैवीवेट (72 किग्रा) पैरा पावरलिफ्टिंग इवेंट में झंडू कुमार ने अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पूरे देश को झूमने का मौका दे दिया. इस जीत के साथ ही उन्होंने 2026 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के पदकों का खाता भी आधिकारिक रूप से खोल दिया है. पैरा पावरलिफ्टिंग मेंस 72 किग्रा वेट कैटेगरी का यह फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक और सांसें रोक देने वाला रहा. दुनिया भर से आए दिग्गज पावरलिफ्टरों के बीच झंडू कुमार ने शुरुआती दौर से ही अपनी पकड़ बनाए रखी.

इस स्पर्धा का गोल्ड मेडल नाइजीरिया के रिलवान इड्रिस ने 132.8 अंक बनाकर अपने नाम किया. इंग्लैंड के मैथ्यू हार्डिंग 131.0 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे और उन्होंने सिल्वर मेडल हासिल किया. भारत के झंडू कुमार ने 130.9 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया. अंकों के इस फासले को देखें तो यह बेहद करीबी मुकाबला था. झंडू मात्र 0.1 अंक से रजत पदक से चूके, लेकिन अपनी कड़ी मेहनत और लगन से उन्होंने जो ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया, वह स्वर्ण पदक से कम नहीं है. इसी स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय एथलीट सुधीर 114.1 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे. झंडू कुमार का यह मेडल सिर्फ एक खेल की जीत नहीं है, बल्कि यह अदम्य साहस, अनगिनत रातों की मेहनत और कभी न हार मानने वाले जज्बे की जीत है. बिहार के एक साधारण परिवार से आने वाले झंडू के लिए यह सफर आसान नहीं था. संसाधनों की कमी, बुनियादी सुविधाओं का अभाव और शारीरिक चुनौतियों ने उनके रास्ते में कई बार रुकावटें डालने की कोशिश की. लेकिन झंडू के दिल में राष्ट्रध्वज को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लहराने का जो सपना था, उसने उन्हें कभी रुकने नहीं दिया.

गांव की तंग गलियों और कामचलाऊ जिम से शुरू हुआ यह सफर आज कॉमनवेल्थ गेम्स के पॉडियम तक पहुंच चुका है. जब झंडू कुमार गले में ब्रॉन्ज मेडल पहनकर पॉडियम पर खड़े हुए, तो उनकी आंखों में गर्व और खुशी के आंसू साफ देखे जा सकते थे.

## बेन स्टोक्स की जगह कौन बन सकता है इंग्लैंड का अगला टेस्ट कप्तान?



लंदन। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद बेन स्टोक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। स्टोक्स के संन्यास के बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को टेस्ट टीम के लिए नए कप्तान की तलाश थी। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ये तलाश जो रूट खत्म करने वाले हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईसीबी एक बार फिर से टीम के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को इंग्लैंड टेस्ट टीम का कप्तान बना सकती है।

रूट की जगह ही स्टोक्स को मिली थी कमान

मालूम हो कि रूट के 2022 में टेस्ट टीम की कमान छोड़ने के बाद ही स्टोक्स को कप्तान बनाया गया था। वक्त का पहिया एक बार फिर से घूमता हुआ दिख रहा है और इस बार स्टोक्स के संन्यास की वजह से रूट दोबारा कप्तान बनने को तैयार दिख रहे हैं। रूट को अगले महिला पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है।

रूट के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज 2027 तक कप्तान बने रहने की संभावना है। रूट ने स्टोक्स की गैरमौजूगी में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की कप्तानी की थी। रूट पूर्व में 2017 से 2022 के बीच 64 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड की कप्तानी की थी, जिसमें 27 मैचों में टीम को जीत मिली थी।

## टेनिस के बाद अब फुटबॉल के मैदान पर दिखेंगे डोमिनिक थीम



नई दिल्ली। पूर्व वर्ल्ड नंबर-3 डोमिनिक थीम ने अपने स्पोर्ट्स करियर में नई शुरुआत करने का फैसला किया है. टेनिस से संन्यास लेने के दो साल बाद थीम अब प्रतिस्पर्धी फुटबॉल खेलते नजर आएंगे. उन्होंने ऑस्ट्रिया के आठवें डिवीजन के क्लब बैडनर एसी से जुड़ने का फैसला किया है. 32 वर्षीय थीम का यह फैसला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि वह टेनिस कोर्ट पर वापसी नहीं कर रहे, बल्कि पूरी तरह अलग खेल में अपना सफर शुरू कर रहे हैं.

बिग-3 के सबसे बड़े चुनौती देने वाले खिलाड़ियों में गिना जाता था. उन्होंने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर यूएस ओपन 2020 में मेन्स सिंगल्स खिताब अपने नाम किया था. लेकिन 2021 में लगी गंभीर कलाई की चोट उनके करियर पर भारी पड़ गई. महीनों तक कोर्ट से बाहर रहने के बाद भी वह पहले जैसी लय हासिल नहीं कर सके. उनकी रैंकिंग लगातार गिरती गई और आखिरकार उन्होंने मार्च 2024 में संन्यास लेने का फैसला कर लिया. डोमिनिक थीम ने अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम मुकाबला 2024 के यूएस ओपन में खेला, जहां उन्हें पहले दौर में बेन शेल्टन ने हराया. इसके बाद 22 अक्टूबर 2024 को वियना ओपन में इटली के लुसियानो डार्डेरी के खिलाफ उन्होंने अपने करियर का आखिरी मुकाबला खेला.

## श्रेयस अय्यर की टीम पहुंची इंडिया हाउस; दूसरे टी20 से पहले भारतीय उच्चायुक्त से की मुलाकात



हरारे। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले से पहले श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम ने हरारे स्थित इंडिया हाउस में जिम्बाब्वे में भारत के उच्चायुक्त ब्रह्मा कुमार से मुलाकात की। इस दौरान कप्तान श्रेयस अय्यर और कार्यवाहक मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण का सम्मान किया गया। भारत पहला टी20 सात विकेट से जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना चुका है।

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने हरारे स्थित इंडिया हाउस में जिम्बाब्वे में भारत के उच्चायुक्त ब्रह्मा कुमार से मुलाकात की। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान कप्तान श्रेयस अय्यर और कार्यवाहक मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण का सम्मान भी किया गया।

बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, %हरारे की एक यादगार शाम। जिम्बाब्वे में भारत के उच्चायुक्त ब्रह्मा कुमार ने दूसरे टी20 मुकाबले से पहले इंडिया हाउस में टीम इंडिया की मेजबानी की। भारतीय टीम ने सीरीज के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराया था। इसके साथ ही टीम ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ लगातार सीरीज में मिली हार के सिलसिले को भी खत्म किया।

यह जीत श्रेयस अय्यर के लिए भी खास रही, क्योंकि टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के रूप में यह उनकी पहली जीत थी। सूर्यकुमार यादव के बाद कप्तानी संभालने के बाद शुरुआती दो सीरीज में उन्हें लगातार छह मैचों में हार का सामना करना पड़ा था।

पहले टी20 में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 18 गेंदों में अर्धशतक जड़कर अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड बनाया। वहीं, 21 महीने बाद वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने दो विकेट लेकर शानदार वापसी की। 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 40 गेंद शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। वैभव के अलावा ईशान किशन और कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

## बुमराह-श्रेयस समेत 8 स्टार नहीं खेलेंगे विंडीज ODI सीरीज



नई दिल्ली। सितंबर-अक्तूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में टीम इंडिया अपने कई प्रमुख खिलाड़ियों के बिना मैदान पर उतेगी. इसकी वजह एशियन गेम्स 2026 है, जिसकी क्रिकेट प्रतियोगिता और वेस्टइंडीज के खिलाफ ह्वष्ठढ्ढ सीरीज लगभग एक ही समय पर आयोजित होगी.

भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 27 सितंबर से 3 अक्टूबर के दौरान होनी है. वहीं जापान में होने वाले एशियन गेम्स में पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता 24 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलेगी. दोनों टूर्नामेंट की तारीखें टकराने के कारण भारतीय चयनकर्ताओं को दो अलग-अलग स्क्वॉड तैयार करने पड़ेंगे. एशियन गेम्स के लिए चुनी गई भारतीय टी20 टीम में शामिल कुल 8 खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में उपलब्ध नहीं होंगे. इस सूची में श्रेयस अय्यर, जसप्रीत बुमराह, ईशान किशन, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और नीतीश कुमार रेड्डी शामिल हैं. इनमें से श्रेयस अय्यर, जसप्रीत बुमराह, ईशान किशन, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर और अर्शदीप सिंह हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा थे. वहीं नीतीश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा चोट के चलते उस सीरीज में नहीं खेल पाए थे. आठ प्रमुख खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी चयनकर्ताओं के लिए चुनौती जरूर होगी, लेकिन इससे कुछ युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का सुनहरा अवसर भी पैदा होगा. ऐसे खिलाड़ियों में यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्ष दुबे, प्रिंस यादव, गुरनूर बरार और आयुष बदोनी शामिल हैं.

## क्वार्टर फाइनल से अभियान की शुरुआत करेंगे भारत-पाकिस्तान



नई दिल्ली। मौजूदा चैंपियन भारत और पाकिस्तान की पुरुष तथा महिला क्रिकेट टीम को जापान में होने वाले एशियाई खेलों में सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह दी गई है। भारतीय महिला टीम जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि पुरुष टीम का मुकाबला प्रारंभिक चरण के मैच के बाद तय होगा। सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम का सामना बांग्लादेश या चीन में से किसी एक टीम से होगा।

भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना कर सकती है। एशियाई खेलों में पुरुषों की क्रिकेट प्रतियोगिता 24 सितंबर को शुरू होगी और उसका फाइनल मैच एक अक्तूबर को खेला जाएगा। महिलाओं की प्रतियोगिता 17 से 22 सितंबर तक होगी। भारतीय महिला टीम फाइनल में पाकिस्तान से भिड़ सकती है। पुरुषों की प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग ले रही हैं। प्रारंभिक चरण में ग्रुप ए में अफगानिस्तान, जापान और नेपाल तथा ग्रुप बी में हांगकांग, चीन, मलयेशिया और ओमान शामिल होंगे।

दोनों प्रतियोगिताएं आइची प्रांत के कोरोजी एथलेटिक पार्क में टी20 प्रारूप में खेली जाएंगी। श्रेयस अय्यर भारतीय पुरुष टीम की, जबकि हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला टीम की कप्तानी करेंगी। क्रिकेट चौथी बार एशियाई खेलों के कार्यक्रम का हिस्सा है। इससे पहले यह 2010 में ग्वांगझू, 2014 में इंचियोन और 2023 में हांगझोऊ खेलों का हिस्सा था। एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम- श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह।

**कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन खत्म....**

है कि उसे मंगलवार तक एफआईआर और भविष्य में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर लिखित आश्वासन मिलने की उम्मीद है।

जेपी नड्डा बोले- एफआईआर की कॉपी देंगे, कोई कार्रवाई नहीं होगी: सीजेपी प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि बैठक में आंदोलन से जुड़े मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई। सीजेपी प्रतिनिधि अपने साथ एक लिखित ड्राफ्ट भी लेकर आए थे। जेपी नड्डा ने कहा, आज हमारी लंबी बातचीत हुई। वे एक लिखित ड्राफ्ट लेकर आए थे, जिसमें आंदोलन के दौरान चल रहे मामलों के बारे में चार बातें रखी गई थीं। नड्डा ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शनकारियों को एफआईआर की कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी और उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

**0 मुआवजे पर नड्डा बोले-** अधिकतम संभव मदद दी जाएगी: बैठक में पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग पर भी चर्चा हुई। जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार की भी प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति है। उन्होंने कहा कि नियमों और कानूनों के मुताबिक जो अधिकतम संभव मुआवजा होगा, वह दिया जाएगा। इसके अलावा सीजेपी की ओर से परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए दिए गए पांच-सूत्रीय चार्टर पर भी सरकार विचार करेगी।

**राष्ट्रपति ने मंजूर किया प्रधान का इस्तीफा.....**

75(2) के तहत की गई है। इसी बीच, राष्ट्रपति ने केंद्रीय मंत्रिमंडल मंत्री प्रल्हाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है, जबकि वे खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के केंद्रीय मंत्री के रूप में अपना मौजूदा कार्यभार भी संभालते रहेंगे। अधिकारियों ने कहा कि दोहरी प्रभार व्यवस्था का उद्देश्य शिक्षा मंत्रालय के कामकाज में बिना किसी बाधा के निरंतरता सुनिश्चित करना है। राष्ट्रपति के विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि यह परिवर्तन तत्काल प्रभाव से लागू होगा, जिससे नई व्यवस्था बिना किसी देरी के प्रभावी हो सकेगी। प्रधानमंत्री की सलाह पर इस्तीफा स्वीकार करके और साथ ही अतिरिक्त प्रभार सौंपकर राष्ट्रपति मुर्मु ने प्रधान के पद छोड़ने और प्रल्हाद जोशी के नेतृत्व में अंतरिम व्यवस्था को औपचारिक रूप दे दिया है। शिक्षा मंत्रालय के किसी भी दीर्घकालिक पुनर्गठन के संबंध में आगे की जानकारी उचित समय पर घोषित किए जाने की उम्मीद है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**धर्मेंद्र प्रधान बोले- देश के युवाओं....**

अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित अपने इस्तीफे में धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा कि पिछले 10 दिनों के घटनाक्रम से उनका मन अत्यंत व्यथित और दुखी है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है, बल्कि देश की युवा शक्ति और छात्रों का भविष्य सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने पत्र में कहा कि जंतर-मंतर और देश के अन्य हिस्सों में बनी स्थिति का कोई राष्ट्र-विरोधी तत्व अनुचित लाभ न उठा सके और देश की एकता व अखंडता बनी रहे, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री को अपना त्यागपत्र सौंपा है।

**सीजेपी आंदोलन खत्म: राहुल गांधी बोले....**

हो जो सभी को दिखे। अंत में उन्होंने मांग की कि इस पूरे संकट और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ के लिए मुख्य सूत्रधार के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के छात्रों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों पर हिंसा के लिए अमित शाह जिम्मेदार हैं।

**अखिलेश ने भाजपा पर साधा....**

लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी शासनादेश के तहत जिन भवनों को नियमित किया जा सकता है, उसी आधार पर संबंधित विश्वविद्यालय को भी वैध किया जाना चाहिए। किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद, पानी और सिंचाई की समस्या बनी हुई है तथा सरकार आवश्यक तैयारियां करने में विफल रही है। उन्होंने युवाओं पर हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए आंदोलनकारी छात्रों के साहस की सराहना की और कहा कि समाजवादी पार्टी शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी। हमें पूरा भरोसा है जनता बदलाव के लिए मतदान करेगी। शिक्षा के क्षेत्र में और ठोस कदम उठाने पड़ेंगे, समाजवादी लोग विकास और खुशहाली के रास्ते पर ले जाएंगे।

***कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर....***

रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया.इस कार्यक्रम में लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, उत्तरी कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा, कारगिल युद्ध के पूर्व सैनिक, वीर नारियां, शहीदों के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए. इससे पहले कारगिल युद्ध स्मारक पर शौर्य संध्या का आयोजन हुआ. यहां देशभक्ति गीतों के बीच ऑपरेशन विजय के वीरों को श्रद्धांजलि दी गई. कारगिल युद्ध में शहीद हुए 10 सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया गया. रक्षा मंत्री को वीरों की मिट्टी से भरा कलश भी भेंट किया गया. इसके बाद सर्वधर्म प्रार्थना हुई. बीटिंग रिट्रीट समारोह और राष्ट्रगान के बाद रक्षा मंत्री ने द्रास में युद्ध स्मारक पर दीप जलाकर शहीदों को नमन किया.दिन की शुरुआत युद्ध संस्मरण कार्यक्रम से हुई. यह कार्यक्रम लामोचेन व्यू प्वाइंट पर आयोजित किया गया. इसमें कारगिल युद्ध के पूर्व सैनिक, शहीदों के परिजन और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए.

**सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में ईडी की....**

की नौकरी लगवाई है। जांच में पैसों के लेन-देन के पुख्ता सबूत मिले हैं। 0 सीबीआई की जांच में क्या सामने आया?: सीबीआई के मुताबिक, टामन ने परीक्षा के पर्चे अपने घर पर साहिल, नीतेश, उसकी पत्नी निशा कोसले और दीपा आडिल को दिए। इसके बाद उप परीक्षा नियंत्रक ललित गणवीर ने लीक हुआ पेपर बजरंग पावर एंड इस्पात कंपनी के डायरेक्टर श्रवण गोयल को सौंपा। श्रवण गोयल के बेटे शशांक और बहू भूमिका ने इसी लीक पेपर से तैयारी की। परिणामस्वरूप दोनों डिप्टी कलेक्टर बन गए।

**0 कोलकाता से रायपुर तक साजिश:** प्रश्नपत्र छापने का काम कोलकाता की एक प्रिंटिंग कंपनी को दिया गया था। जनवरी 2021 में कंपनी का कर्मचारी महेश दास 7 सेट प्रश्नपत्र लेकर रायपुर आया। उसने ये सभी पर्चे आरती वासनिक को सौंपे। आरती पर्चे घर ले गईं, जहां टामन और ललित के साथ मिलकर उनकी कॉपी की गई। इसके बाद पर्चों को दोबारा सील कर प्रिंटिंग के लिए वापस भेज दिया गया।

**सीजेपी का प्रदर्शन खत्म होते....**

हुए। आंदोलन के दौरान परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और सख्त कानून की मांग लगातार उठती रही। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद सरकार ने परीक्षा सुधारों को लेकर कई कदम उठाने का ऐलान किया है। इसी क्रम में अब यह संशोधन विधेयक संसद में पेश किया जा रहा है।

## शरद पवार का खुलासा, बोले- धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से की थी अपील



नई दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रमुख शरद पवार ने दावा किया है कि उन्होंने नीट-यूजी परीक्षा विवाद के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर छात्रों से बातचीत शुरू करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर फैसला लेने का आग्रह किया था। पवार ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद सबसे जरूरी होता है और छात्रों के आंदोलन ने सरकार को नैतिक जिम्मेदारी लेने के लिए मजबूर किया। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में शरद पवार ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने सरकार से छात्रों के साथ संवाद शुरू करने की अपील की थी। पवार के मुताबिक, उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा था कि लोकतंत्र में बातचीत ही समस्याओं का समाधान है। यदि संवाद नहीं होता तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने आग्रह किया था कि या तो धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा स्वीकार किया जाए या फिर आंदोलन कर रहे छात्रों की चिंताओं को गंभीरता से सुना जाए। शरद पवार ने कहा कि बाद में उन्हें जानकारी मिली कि केंद्र सरकार ने छात्र प्रतिनिधियों से बातचीत करने पर सहमति जताई है। उनके अनुसार, केंद्रीय मंत्रियों ने छात्रों को भरोसा दिलाया कि सरकार संवाद के लिए तैयार है। पवार ने कहा कि यह स्थिति बातचीत की प्रक्रिया आगे बढ़ने का परिणाम है। शरद पवार ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लोकतंत्र का महत्वपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं ने अपने आंदोलन के जरिए सरकार को नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करने के लिए मजबूर किया।

# वर्षा ऋतु में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने में जुटा नगर निगम

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सफाई, जल निकासी, सड़क मरम्मत, पौधरोपण, मवेशी नियंत्रण तथा अधोसंरचना सुधार से संबंधित विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है। नगर निगम की टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी कचरा संग्रहण स्थलों एवं रिक्त भूमि पर डाले गए कचरे की नियमित सफाई जेसीबी एवं टिप्पर के माध्यम से की जा रही है।

साथ ही नागरिकों को सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं डालने के लिए लगातार समझाइश भी दी जा रही है। खैरागढ़ रोड सहित अन्य क्षेत्रों में भी डम्प कचरे का नियमित उठाव किया जा रहा है। वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए बड़े नालों, नालियों एवं जल निकासी मार्गों की नियमित सफाई कराई जा रही है। जिला अस्पताल के सामने स्थित नाले तथा अस्पताल परिसर के आसपास की नालियों की विशेष रूप से सफाई कराई गई है। जहां आवश्यक है। वहां कच्ची नालियां बनाकर जल निकासी सुनिश्चित की जा रही है। नया बस स्टैण्ड, नगर निगम कार्यालय परिसर एवं शीतला मंदिर क्षेत्र में भी जलभराव की स्थिति बनने पर त्वरित निकासी की व्यवस्था की जा रही है। स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए रानी सागर क्षेत्र में कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया गया है तथा अतिक्रमण एवं अवैध कब्जों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम द्वारा शहर की जर्जर सड़कों के संधारण एवं मरम्मत के लिए पेचवर्क कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। आगामी गणेश उत्सव एवं वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए विभिन्न वार्डों में सड़क सुधार कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। डामर उपलब्ध होते ही शेष सड़कों का डामरीकरण भी कराया जाएगा। चौपाटी, रानी सागर मार्ग तथा चिखली तालाब के किनारे स्थित



सफाई, जल निकासी, सड़क मरम्मत और मवेशी नियंत्रण के लिए निगम का विशेष अभियान जारी

सड़क की मरम्मत एवं संबंधित कार्य भी प्रक्रियाधीन हैं। शहर में विद्युत सुरक्षा एवं सुचारू प्रकाश व्यवस्था के लिए जर्जर विद्युत पोल हटाने संबंधी प्रस्ताव विद्युत मंडल को भेजे गए हैं। जिला अस्पताल के समीप नाली के बीच स्थित विद्युत पोल को हटाने की प्रक्रिया भी विद्युत विभाग द्वारा की जा रही है। बारिश के कारण शॉर्ट सर्किट से प्रभावित स्ट्रीट लाइटों का सुधार वर्षा थमते ही किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन मवेशी पकड़ने का अभियान संचालित कर उन्हें कांजी हाउस पहुंचाया जा रहा है। रात्रिकाल में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्रवाई भी लगातार की जा रही है। शहर में चिन्हित जर्जर भवनों के स्वामियों को नोटिस जारी कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिला अस्पताल कॉलोनी एवं उद्योग विभाग के जर्जर भवनों को खाली कराने की प्रक्रिया जारी है। जिसके पश्चात नियमानुसार उन्हें हटाया जाएगा। नागरिक सुविधाओं के विस्तार के तहत पुराने एवं नए बस स्टैण्ड में सार्वजनिक शौचालयों का नियमित संचालन किया जा रहा है। वहीं गोलबाजार में निर्मित अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय के संचालन के लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। जिसकी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद इसे आमजन के लिए प्रारंभ किया जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम ने इस वर्ष वर्षा ऋतु में लगभग 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। डिवाइडरों, स्टेट स्कूल उद्यान सहित विभिन्न स्थलों का चयन कर पौधरोपण की तैयारियां की जा रही हैं। गर्मी के कारण प्रभावित पौधों के संरक्षण के लिए नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से सिंचाई भी की जा रही है। गुरूद्वारा के समीप बूढ़ासागर क्षेत्र में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के अधूरे कार्य पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर भुगतान रोका गया है तथा वैधानिक कार्रवाई करते हुए नई निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता, जल निकासी, सड़क सुधार, हरित विकास तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से लगातार कार्य किया जा रहा है। नागरिकों के सहयोग से राजनांदगांव को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित शहर बनाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

## कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में वित्तीय साक्षरता पर एक दिवसीय ऑनलाइन प्रमाणन कार्यक्रम आयोजित

**विद्यार्थियों को मिले निवेश, बचत और डिजिटल वित्तीय सुरक्षा के व्यावहारिक टिप्स**

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के वाणिज्य विभाग द्वारा वित्तीय साक्षरता विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन प्रमाणन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नॉलेज ग्रोथ फाउंडेशन की फाइनेंशियल लिटरेसी पहल के सहयोग से तथा एनएसडीएल एवं मिनिस्ट्री ऑफ फायनेंस के समर्थन से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, निवेश योजना, बचत के प्रभावी तरीके तथा प्रतिभूति बाजार (सिक्योरिटीज मार्केट) की मूलभूत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा सरल एवं रोचक तरीके से वित्तीय विषयों को समझाया गया। जिससे विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता के प्रति विशेष रुचि देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने छात्रों को नियमित बचत, सही निवेश विकल्पों का चयन, जोखिम प्रबंधन तथा डिजिटल वित्तीय सेवाओं के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को भविष्य की आर्थिक योजनाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पाण्डेय ने अपने संदेश में कहा कि 'वित्तीय साक्षरता आज के समय की एक अनिवार्य आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान करते हैं। जिससे वे अपने जीवन में बेहतर आर्थिक निर्णय ले सकते हैं।' कार्यक्रम के संयोजक वाणिज्य विभागाध्यक्ष सुश्री देविका देवांगन द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही वित्तीय रूप से जागरूक बनाना है, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें। हमें खुशी है कि विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई। संपूर्ण कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

## फसल बीमा योजना : फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ मौसम में फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे किसानों को कम तापमान, अधिक तापमान, कीट-व्याधि के प्रकोप के अनुकूल मौसम, अनियमित वर्षा की स्थिति निर्मित होना, ओला वृष्टि, प्रतिकुल मौसम से होने वाले हानि से बचाने के लिए पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। खरीफ वर्ष 2026 में राजनांदगांव जिले अन्तर्गत बीमा कराने वाले कृषकों को अधिसूचित फसल टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता, अमरूद के अनुसार निर्धारित कुल बीमित राशि का अधिकतम 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक प्रीमियम जो भी कम हो राशि कृषक अंश के रूप में ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के कृषकों को जमा करना होगा। बीमा कराने के लिए अऋणी कृषक फसल लगाने का स्वघोषित प्रमाण पत्र, नक्शा खसरा, आधार कार्ड, आईएफएससी कोड सहित अन्य आवश्यक जानकारी उल्लेखित बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति की आवश्यकता होगी। ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन के आधार पर क्रियान्वित होगी। योजना में शामिल नहीं होने के इच्छुक ऋणी कृषक को भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित समय-सीमा में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत व नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु काउन्सलिंग 5 तक

मोहला (दावा)। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु काउन्सलिंग की प्रक्रिया 22 जुलाई से प्रारंभ होकर 5 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विभाग द्वारा काउन्सलिंग के लिए चयनित छात्र-छात्राओं की सूची एवं तिथि विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/ पर जारी कर दी गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार काउन्सलिंग संबंधित छात्र-छात्राओं को आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगी। सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। काउन्सलिंग के समय कक्षा 8वीं की प्रथम श्रेणी (60 प्रतिशत या अधिक) अंकसूची, प्रधानपाठक अथवा प्राचार्य द्वारा जारी अध्ययनरत होने का सत्यापन प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा लागू होने पर नक्सल पीड़ित, अल्पसंख्यक, विशेष पिछड़ी जनजाति एवं विशेष श्रेणी से संबंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। विशेष श्रेणी के अंतर्गत दिव्यांग, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे, अनाथ, विधवा माता या परित्यक्ता महिला के बच्चे तथा देश की रक्षा अथवा कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए पुलिस, अर्द्धसैनिक या सशस्त्र बल के जवानों के बच्चों को संबंधित प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि काउन्सलिंग के बाद प्रवेश के लिए पात्र पाए जाने वाले विद्यार्थियों को तीन दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी से काउंटर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) तथा जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

## समाज कल्याण विभाग की पहल से शुभम को मिला जीवन का नया सहारा

मोहला (दावा)। कहा जाता है कि यदि कठिन परिस्थितियों में समय पर सही सहयोग मिल जाए तो जीवन की राहें आसान हो जाती हैं। ग्राम बांधाबाजार के निवासी शुभम कुमार गंधर्व की कहानी इसी विश्वास का जीवंत उदाहरण है। जन्म से कुछ समय बाद ही पोलियो से प्रभावित होने के कारण शुभम 90 प्रतिशत दिव्यांगता के साथ जीवन जी रहे हैं।

बचपन से ही उनके लिए सामान्य बच्चों की तरह चलना-फिरना, खेलना-कूदना और अपने दैनिक कार्य स्वयं करना संभव नहीं था। हर छोटी-बड़ी आवश्यकता के लिए उन्हें अपने माता-पिता का सहारा लेना पड़ता था। शुभम की इस कठिन यात्रा में उनके माता-पिता ने कभी उनका साथ नहीं छोड़ा। उनकी माता ने उन्हें चलने में सहायता देने के लिए लकड़ी का एक सहारा भी तैयार किया था। जिसके सहारे वे धीरे-धीरे चलने का प्रयास करते थे। बावजूद इसके उनकी आवाजाही सीमित थी और परिवार को भी उनकी देखभाल में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। आर्थिक और शारीरिक कठिनाइयों के बीच भी परिवार ने शुभम के बेहतर भविष्य की उम्मीद नहीं छोड़ी। इसी दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने की जानकारी परिवार को मिली। विभाग में आवेदन करने के बाद शुभम को शीघ्र ही वॉकर उपलब्ध कराया गया। यह सहायता उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लेकर आई। वॉकर मिलने के बाद उनकी चलने-फिरने की क्षमता में सुधार हुआ, आत्मविश्वास बढ़ा और वे पहले की अपेक्षा अधिक सहजता से अपने दैनिक कार्यों में भाग लेने लगे। यह सहयोग उनके लिए केवल एक सहायक उपकरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और नए आत्मविश्वास की ओर बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। वॉकर मिलने से मेरे जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया है। शुभम के पिता अरुण कुमार गंधर्व ने शासन एवं प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस सहायता ने मेरे बेटे के जीवन को आसान बनाया है और आगे बढ़ने का नया हौसला दिया है।

## एक पेड़ माँ के नाम : एनसीसी आर्मी विंग द्वारा 100 पौधों का वृक्षारोपण

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्या डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी चिरंजीव पाण्डेय के नेतृत्व में एनसीसी आर्मी विंग द्वारा 21 जुलाई को महाविद्यालय के बालक छात्रावास परिसर में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेटों एवं एनसीसी अधिकारी के संयुक्त प्रयास से 100 पौधों का रोपण किया गया



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, हरित वातावरण का निर्माण करना तथा प्रकृति एवं मातृत्व के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के संकल्प के साथ हुई। एनसीसी अधिकारी ने सभी कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण का आधार ही नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व, जलवायु संतुलन तथा जैव विविधता के संरक्षण के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का संदेश केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी निभाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह राष्ट्रीय अभियान विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रारंभ किया गया था और नागरिकों से अपनी माता के सम्मान में एक वृक्ष लगाने तथा उसकी देखभाल करने का आह्वान करता है।

इस अवसर पर सभी एनसीसी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर कुल 100 से अधिक पौधे रोपे। इनमें छायादार, फलदार एवं पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी पौधों का चयन किया गया। जिससे भविष्य में महाविद्यालय परिसर अधिक हरित एवं स्वच्छ बन सके। वृक्षारोपण के दौरान कैडेटों ने पौधों के चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की तथा नियमित सिंचाई एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग तथा प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अधिक से अधिक वृक्ष लगाए और उन्हें सुरक्षित रखे।

उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो देश में हरित क्षेत्र का तेजी से विस्तार होगा तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान कैडेटों ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी जागरूकता संदेश भी दिए तथा सभी विद्यार्थियों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। उन्होंने यह संदेश दिया कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते बल्कि वर्षा चक्र को संतुलित रखने, भूजल स्तर बढ़ाने, मिट्टी के कटाव को रोकने, जैव विविधता को सुरक्षित रखने तथा तापमान नियंत्रित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित कैडेटों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि लगाए गए प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल करेंगे और उन्हें पूर्ण विकसित वृक्ष बनाने तक संरक्षण प्रदान करेंगे। साथ ही उन्होंने अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उत्साह, अनुशासन एवं सेवा भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। जो एनसीसी के मूल आदर्श 'एकता और अनुशासन' को प्रतिबिंबित करता है।

## जिला साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नोबल साहू ने की जिला कार्यकारिणी की घोषणा



राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ राजनांदगांव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नोबल साहू ने संगठन को अधिक सक्रिय, मजबूत एवं जनभागीदारी आधारित बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। नवगठित कार्यकारिणी में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, महिलाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी एवं सक्रिय सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपते हुए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

जिला अध्यक्ष नोबल साहू ने बताया कि नई कार्यकारिणी का गठन समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने तथा संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने की सोच के साथ किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवाओं के नेतृत्व विकास, महिला सशक्तिकरण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्राथमिकता देते हुए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं जो कि इस प्रकार से है संरक्षक द्वय भागवत साहू, टेड़ेसरा राजनांदगांव, डॉ.नीरेन्द्र साहू डोंगरगांव, अध्यक्ष नोबल साहू, एलबी नगर डोंगरगढ़, महामंत्रीद्वय नीलमणी साहू, अनिल कुमार साहू,कोषाध्यक्ष अशोक साहू डोंगरगढ़, निर्वाचित अध्यक्ष अंजू साहू कु.भाठागांव राजनांदगांव, निर्वाचित उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू आमगांव कुमर्दा, सलाहकारद्वय मोती साहू नंदई राजनांदगांव,हुमन साहू, अनुपम नगर राजनांदगांव, विष्णु साहू हीरा मोती लाइन श्री पुरुषोत्तम साहू शिकारी टोला छुरिया श्री मदन साहू तुमडीबोड राजनांदगांव श्रीमती विभा साहू रायतापाली डोंगरगांव, हीरेंद्र साहू-बादराटोला छुरिया, छगन साहू ,नागरकोहरा , छुरिया श्रीमती नीरा साहू, रिद्धि सिद्धि कॉलोनी राजनांदगांव आदि मनोनीत किए गए हैं।इसी प्रकार विशेष आमंत्रित सदस्यों में सर्व श्री खेदूराम साहू, लाल बहादुर नगर दलेश्वर साहू अलीवारा डोंगरगढ़, भोलाराम साहू खुज्जी डोंगरगांव, श्रीमती छन्नी साहू पैरीटोला छुरिया, श्रीमती किरण साहू बछेरा भांटा डोगरगढ़, देवेंद्र साहू, लालबहादुर नगर, श्रीमती पूर्णिमा साहू रेवाडीह, श्रीमती देवकुमारी साहू रवेली, मनीष साहू रामपुर, निर्वाचित संगठन सचिव देवानंद साहू,मुंजालकला कुमर्दा, श्रीमती इंदू साहू डोंगरगांव, मनोनीत संगठन सचिव माधव साहू मचानपार,डोंगरगांव, गंगाधर साहू, कन्हारगांव डोंगरगढ़, हृदयराम हिरवानी कन्हारपुरी, राजनांदगांव, श्रीमती नूतन साहू इरईकला श्रीमती रितु साहू रवेली राजनांदगांव, श्रीमती अंजू पूरन साहू,विरेन्द्र साहू डोंगरगढ़।अंकेक्षण के पद पर विजय साहू बजरंगपुर नवागांव राजनांदगांव. उप

**102 पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी, समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का लिया संकल्प**

कोषाध्यक्ष छबिधर साहू लालबहादुर, सहसचिव नीलकंठ साहू दीनदयाल नगर भोजकुमार गंजीर खुर्शीपार डोंगरगांव, लोकेश कुमार साहू टेड़ेसरा राजनांदगांव, हिरेन्द्र साहू भैंसातारा घुमका, श्रीमती भेष बाई साहू बागद्वार छुरिया, श्रीमती खिलेश्वरी साहू मोखला राजनांदगांव श्रीमती किरण साहू दीनदयाल कॉलोनी राजनांदगांव, श्रीमती सविता साहू हर्राटोला कुमर्दा। संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ यशवंत साहू कोटराभांटा, परदेशी साहू सचिव अधि.कर्मचारी प्रकोष्ठ भेड़ीकला। संयोजक न्याय प्रकोष्ठ मदन साहू मातेखेड़ा छुरिया, सह संयोजक न्याय प्रकोष्ठ डा.महेश साहू भंवरमरा सचिव न्याय प्रकोष्ठ घनश्याम साहू, गठुला, युवा प्रकोष्ठ संयोजक मनीष साहू लखोली राजनांदगांव, सचिव खेम साहू रिद्धि सिद्धि कालोनी राजनांदगांव, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका श्रीमती लीला साहू बजरंगपुर नवागांव, राजनांदगांव,सचिव श्रीमती रेशमा साहू छुईखदान डोंगरगांव। संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉक्टर चेतन साहू बसंतपुर राजनांदगांव, सचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉक्टर दुलेश्वर साहू बजरंगपुर-नवागांव। साहित्य प्रकोष्ठ संयोजक ओमप्रकाश साहू सुरगी, राजनांदगांव, सचिव साहित्य प्रकोष्ठ लखनलाल साहू मोखला।

**मीडिया प्रकोष्ठ संयोजक ईश्वर साहू राजनांदगांव. सचिव मीडिया प्रकोष्ठ दीपक साहू राजनांदगांव**

संयोजक किसान प्रकोष्ठ त्रिलोक साहू आरला राजनांदगांव, सचिव किसान प्रकोष्ठ विरेंद्र साहू जंगलेसर राजनांदगांव।संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ महादेव हिरवानी कन्हारपुरी सचिव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ नरेन्द्र साहू टेड़ेसरा। संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ डुरेंन्द् कुमार साहू सिंगदई, सचिव व्यापारी प्रकोष्ठ गुरुचरण साहू रानीतराई राजनांदगांव।इसी तरह जिला साहू संघ के कार्याकारी सदस्यों में देवलाल साहू टेरेसरा राजनांदगांव, भागवत साहू डोंगरगांव, केशव राम साहू खुसीटिकुल, कुमर्दा, भारतलाल साहू खपराभांट, छुरिया, पालन साहू तेंदूनाला, जगत नारायण साहू सिंघोला राजनांदगांव, हनुमान साहू, चारभांटा लाल बहादुर नगर, हेमशंकर जेठमल बन नवागांव कुमर्दा, वेदराम साहू पांगरीकला, मन्नु साहू इंदामरा राजनांदगांव, अमित साहू तिलई राजनांदगांव ,अशोक साहू चिखली राजनांदगांव, योगेश्वर साहू इराईकला घुमका, दयाल दास साहू नागलदाह घुमका, हमीरचंद साहू रायता पाली डोंगरगांव, देवलाल साहू मोखली डोंगरगांव, बलवंत साहू चौखडिया पारा राजनांदगांव, शिव कुमार साहू डोंगरगढ़, डॉ. शांतिलाल साहू अंजोरा, मंगलदास साहू मगरलोटा, जिला साहू संघ के प्रचार सचिव पद पर विनय साहू मोतीपुर, कुलेश्वर साहू मोखला एवं अंकालू साहू, नेमूचंद मनगटा, सहदेव साहू भेंडरवानी घुमका, योगेंद्र साहू कुबो. सिर्रा डोंगरगांव, श्रीमती लुकेश्वरी साहू नवागांव राजनांदगांव, महेश्वर प्रसाद राजनांदगांव, भागवत साहू अधि. राजनांदगांव, पोखन साहू मोहंदी घुमका की महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है।

इसी कड़ी में संयुक्त सचिव पद पर टीकम चौधरी पथरागांव कुमर्दा, योगराज साहू बिटाल, छुरिया श्रीमती पूर्णिमा साहू सुंदरा श्रीमती हंसू साहू डोंगरगांव, खिलेश्वर साहू गोविन्दपुर लालबहादुर नगर, युवदास कार्यालय सहायक पद पर जगमोहन साहू शिक्षक नगर राजनांदगांव किशन साहू राजनांदगांव का मनोनयन किया गया है।

जिला अध्यक्ष नोबल साहू ने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवा नेतृत्व, महिला सशक्तिकरण, प्रतिभा सम्मान, सेवा कार्यों एवं सामाजिक उत्थान के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेगी। उन्होंने सभी 102 नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि वे संगठन की गरिमा एवं संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए जिला साहू संघ को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उक्त जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने दी।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस का जश्न : इसे छात्रों के संघर्ष और राहुल गांधी की जीत बताया



○ मानव मंदिर चौक पर शहर व ग्रामीण कांग्रेस ने की आतिशबाजी, निकाली भव्य रैली
○ जितेंद्र मुदलियार व विपिन यादव बोले : राहुल गांधी के नेतृत्व में उठी आवाज के आगे झुकी केंद्र सरकार

**राजनांदगांव (दावा)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर के बाद शनिवार शाम शहर जिला कांग्रेस कमेटी और ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप से मानव मंदिर चौक में जोरदार आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली और इसे देश के करोड़ों छात्रों के संघर्ष, लोकतांत्रिक दबाव तथा विपक्ष की जीत करार दिया। मानव मंदिर चौक से शुरू हुई रैली सिनेमा लाइन, गुड़ाखू लाईन, जूनी हटरी होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंची। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया और छात्रों के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

### राहुल गांधी की अगुवाई में मिली सफलता : जितेंद्र मुदलियार

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा देशभर के छात्रों के लंबे संघर्ष और जनभावनाओं की जीत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली की अनियमितताओं का मुद्दा संसद से लेकर सड़क तक प्रमुखता से उठाया। राहुल गांधी के नेतृत्व में चले देशव्यापी अभियान के कारण ही केंद्र सरकार को यह फैसला लेने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही तय होने तक कांग्रेस का यह आंदोलन जारी रहेगा।

### युवाओं के भविष्य के लिए संघर्ष रहेगा जारी : विपिन यादव

ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि यह देश के करोड़ों युवाओं और छात्रों की आवाज की जीत है। कांग्रेस ने शुरू से ही इस मुद्दे को पूरी गंभीरता से उठाया है। यदि भविष्य में भी छात्रों के हितों की अनदेखी की गई, तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक अपना आंदोलन और तेज करेगी। इस आयोजन में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक छन्नी साहू, भुवनेश्वर बघेल, थानेश्वर पाटिला, प्रवीण मेश्राम, कमलजीत सिंह पिंटू, पूर्व अध्यक्ष रमेश राठौर, कुलबीर सिंह छाबड़ा, दिनेश शर्मा, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, हरिनारायण धकेता, रमेश डाकलिया, रूबी गरचा, अशोक पंजवानी, मामराज अग्रवाल, राहुल तिवारी, चूमन साहू, चेतन भानुशाली, लक्ष्मण साहू, प्रेम रूचंदानी, विनय झा, अशोक फडणवीस, वीरेंद्र चंद्राकर, ललित मरकाम, प्रकाश बाफना, अमरु झा, हेमंत ओस्तवाल सहित युवा कांग्रेस, एनएसयूआई व महिला कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ठेकेदार की घटिया करतूत : अनेक खामियों के बाद भी नहीं हुआ ब्लैकलिस्ट



डोंगरगांव (दावा)। नगर में बन रही करोड़ों रुपये की निर्माणाधीन सड़क शुरू से ही विवादों के घेरे में रही है। लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली साढ़े तीन किलोमीटर की इस सड़क में अनगिनत खामियां सामने आ चुकी हैं। जिसे समय-समय पर समाचारों के माध्यम से शासन-प्रशासन के संज्ञान में लाया गया है। इसके बावजूद जनता के पैसों का नुकसान करने वाले ठेकेदार के काम में न तो कोई सुधार आया और न ही विभाग द्वारा अब तक कोई कड़ा एक्शन लिया गया। स्थानीय नेताओं और संबंधित अधिकारियों की रहस्यमयी चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किस हित के लिए घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार लेखराम साहू को बार-बार जीवनदान दिया जा रहा है और ब्लैकलिस्ट करने से बचा जा रहा है।

○ आखिर ऐसा क्या है ठेकेदार में कि अधिकारी और नेता बचाने में लगे?
○ रोड के काले-पीले को अब सफेद (मार्किंग) करने में जुटा ठेकेदार
○ 18 करोड़ की लागत से बन रही साढ़े तीन किमी की सड़क में गुणवत्ता नदारद, बनते-बनते ही लगाना पड़ रहा पैचवर्क

### धूल-मिट्टी के ऊपर ही आड़ी-तिरछी मार्किंग

हाल ही में सड़क किनारे सफेद पट्टी (मार्किंग) खींचने का काम शुरू किया गया। नगर के जागरूक नागरिकों द्वारा शिकायत मिलने पर जब मीडिया टीम मौके पर पहुंची, तो देखा कि डिवाइडर के दोनों ओर धूल-मिट्टी को बिना साफ किए ही जल्दबाजी में मार्किंग की जा रही थी। काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि उन्हें ठेकेदार की ओर से जैसा निर्देश मिला है, वे वैसा ही कर रहे हैं। नियमविरुद्ध बेहद पतली लेयर और आड़ी-तिरछी मार्किंग से साफ झलकता है कि काम में केवल खानापूर्ति की जा रही है।

मामले की शिकायत जब पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता एस.के. चौरसिया तक पहुंची तो उन्होंने कर्मचारियों को काम बंद कराने के निर्देश दिए। विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और काम रोकने की हिदायत देकर चले गए। लेकिन उनके जाते ही ठेकेदार ने फिर से घटिया काम चालू करवा दिया।

### 18 करोड़ की चमचमाती सड़क की जगह दिखा लीपापोती का खेल

साढ़े तीन किलोमीटर की इस सड़क में गुणवत्ता के नाम पर कुछ नहीं है। सड़क की सतह कई जगहों से दब गई है और बनते-बनते ही पैचवर्क (मरम्मत) की नौबत आ गई है। सुसज्जित डिवाइडर और पाथ-वे का दूर-दूर तक अपता-पता नहीं है। घटिया मटेरियल के इस्तेमाल से बनी इस सड़क को देखकर ऐसा लगता है कि 18 करोड़ रुपये का केवल कागजी लीपापोती किया गया है। नागरिकों का कहना है कि इस घटिया निर्माण के लिए ठेकेदार के साथ-साथ मूकदर्शक बने अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी बराबर के जिम्मेदार हैं।

> जो गलत काम हुआ है, उसे सुधारने के लिए ठेकेदार को सख्त निर्देश दे दिए गए हैं। जब तक निर्माण कार्य नियमानुसार सही और गुणवत्तापूर्ण नहीं होगा। तब तक ठेकेदार को कोई भी भुगतान नहीं किया जाएगा।
>
> **- एस.के. चौरसिया, कार्यपालन अभियंता, पीडब्ल्यूडी (राजनांदगांव)**

# राजनीतिक दबाव में नहीं, निष्पक्ष जांच करें पुलिस प्रशासन : मधुसूदन यादव



○ पुतला दहन विवाद और पीएससी घोटाले को लेकर पूर्व सांसद ने कांग्रेस पर साधा निशाना
○ एसपी को लिखा पत्र, पूछा- पुतला चोरी की जांच से पहले क्या साक्ष्य दिए गए?

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद एवं नगर निगम राजनांदगांव के महापौर मधुसूदन यादव ने कांग्रेस द्वारा आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान हुई घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव को पत्र लिखकर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विधिसम्मत जांच की मांग की है। महापौर ने पत्र में स्पष्ट कहा कि कांग्रेस के कुछ नेता इस घटना को पुतला चोरी का नाम देकर तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस प्रशासन पर अनुचित राजनीतिक दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून किसी दल या व्यक्ति विशेष के दबाव से नहीं, बल्कि तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर काम करता है।

### साक्ष्यों और विधिक तत्वों पर उठाए सवाल

महापौर ने पुलिस का ध्यान आकर्षित करते हुए पूछा कि जिस पुतले की चोरी की बात कही जा रही है। क्या उसकी जांच से पहले उसके वास्तविक स्वामित्व, आधिपत्य एवं संपत्ति के मूल्यांकन के प्रमाणित साक्ष्य उपलब्ध कराए गए हैं? क्या इस मामले में चोरी के आवश्यक कानूनी तत्व प्रथम दृष्टया मौजूद भी हैं? उन्होंने कहा कि केवल राजनीतिक आरोप लगा देने से कोई अपराध सिद्ध नहीं हो जाता। पुलिस को दोनों पक्षों को सुनना चाहिए और उपलब्ध वीडियो फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।

### अमर्यादित भाषा लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत

श्री यादव ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस की पूर्व विधायक द्वारा जिस तरह की अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया। वह लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक शुचिता के विपरीत है। यदि इसके वीडियो या अन्य साक्ष्य मौजूद हैं तो उस पहलू की भी जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए। कानून सबके लिए समान है और किसी को भी राजनीतिक पहचान के आधार पर संरक्षण नहीं मिलना चाहिए।

### कांग्रेस के दोहरे चरित्र पर हमला

महापौर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह कांग्रेस का दोहरा चरित्र है कि वह एक तरफ लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करती है। वहीं दूसरी तरफ अपने नेताओं द्वारा अशोभनीय भाषा के प्रयोग पर मौन साध लेती है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए अराजकता फैलाना और कानून व्यवस्था को बिगाड़ना बेहद निंदनीय है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस कभी छात्रों के हित में खड़ी नहीं हुई। यदि वह ईमानदार होती तो पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल में हुए पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच को प्रतिबंधित नहीं करती। जब पीएससी के पदों की खरीदी-बिक्री कर युवाओं का हक मारा गया। तब कांग्रेस ने निष्पक्ष जांच रोकने का काम क्यों किया?

### पुलिस की निष्पक्षता पर जताया विश्वास

महापौर मधुसूदन यादव ने उम्मीद जताई कि राजनांदगांव पुलिस किसी भी राजनीतिक दबाव में आए बिना निष्पक्षता, पारदर्शिता और कानून के शासन को कायम रखते हुए न्यायपूर्ण कार्रवाई करेगी। उन्होंने दोहराया कि भारतीय जनता पार्टी कानून के शासन में विश्वास रखती है और किसी भी दोषी के विरुद्ध समान कार्रवाई की पक्षधर है।

# युगांतर स्कूल सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल के सेमीफाइनल में



राजनांदगांव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की अंडर-19 बालक बास्केटबॉल टीम ने सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में रिवर साइड स्कूल बुरहानपुर को 44-6 के विशाल अंतर से पराजित कर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। स्कूल के पीआरओ एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि युगांतर स्कूल की टीम पिछले कई वर्षों से क्लस्टर और नेशनल स्तर पर चैंपियन रही है और इस वर्ष भी टीम अपने पुराने गौरवशाली इतिहास को दोहराने के इरादे से मैदान में उतरी है।

### एकतरफा मुकाबलों से तय किया सेमीफाइनल का सफर

क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से पहले युगांतर की टीम ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आर्यावर्त पब्लिक स्कूल खुर्दा को 49-00 के बड़े अंतर से मात दी। इसके बाद दिव्या आर्या विद्यापीठ विष्णुपुर को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में युगांतर पब्लिक स्कूल की टीम का मुकाबला सेंट जेवियर हाईस्कूल कटक से होगा। क्वार्टर फाइनल मैच में कप्तान शुभम सिंह, हिमांशु सिंह, कालवा सर्वज्ञ राव, रूहान, कालवा अथर्व राव, अथर्व प्रताप सिंह, चिराग चंदेल, धर्मवीर सिंह, सुजल प्रजापत, वीं यशवंथ, ज्ञानेश्वर वीं और युवान सारडा ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। टीम का यह शानदार प्रदर्शन अंतर्राष्ट्रीय कोच कालवा राजेश्वर राव एवं असिस्टेंट कोच नवनीत द्विवेदी के कुशल मार्गदर्शन में रहा। टीम की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा एवं निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया सहित पूरे युगांतर परिवार ने खिलाड़ियों और कोच को बधाई देते हुए आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान अभियान : कल महावीर चौक से निकलेगी भव्य शोभायात्रा




○ 1 लाख हस्ताक्षरों के साथ जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा राष्ट्रपति, पीएम, राज्यपाल व सीएम के नाम ज्ञापन
○ गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और केंद्रीय गौ मंत्रालय के गठन की मांग

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत आगामी 27 जुलाई को राजनांदगांव शहर में एक भव्य गौ सम्मान शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी। जहां प्रशासन के माध्यम से देश और प्रदेश के सर्वोच्च नेतृत्व को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार 27 जुलाई की सुबह 8 बजे महावीर चौक में विजय मंत्र जाप एवं गौमाता की विशेष पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में मातृशक्ति सिर पर पवित्र कलश धारण कर शामिल होंगी। वहीं एक सुसज्जित बैलगाड़ी में एकत्रित हस्ताक्षर शीट्स रखी जाएंगी।

### शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी यात्रा

महावीर चौक से शुरू होकर शोभायात्रा भगतसिंह चौक, आजाद चौक, सिनेमा लाइन सहित नगर के प्रमुख मार्गों व बाजारों से होते हुए जिला कार्यालय (कलेक्ट्रेट) पहुंचेगी। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन के साथ-साथ गौ महिमा और गौमाता की उपयोगिता पर आधारित पोस्टर, बैनर और संदेशों के माध्यम से नागरिकों को गौ संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। रैली कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसमें अभियान के तहत जिले भर से एकत्रित किए गए लगभग 1 लाख हस्ताक्षरों की कॉपी संलग्न होगी। ज्ञापन के माध्यम से मुख्य रूप से तीन मांगें रखी जाएंगी। जिसमें गौहत्या पर पूरे देश में पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा प्रदान किया जाए। पृथक से केंद्रीय गौ मंत्रालय की स्थापना की जाए।

### व्यापक जनजागरण और समाज का मिला सहयोग

उल्लेखनीय है कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान देश के प्रत्येक जिले में चलाया जा रहा है। पिछले कई दिनों से राजनांदगांव जिले की सभी तहसीलों एवं ग्रामीण अंचलों में बैठकों, वॉल पेंटिंग और हस्ताक्षर अभियान के जरिए व्यापक जनजागरण किया गया। इस अभियान में स्कूली विद्यार्थियों से लेकर विभिन्न समाजों के प्रमुखों ने सक्रिय भूमिका निभाई है। आयोजन समिति ने जिले के सभी गौभक्तों, संतों-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, मातृशक्ति और आम नागरिकों से 27 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

# सावन सोमवार पालकी यात्रा की तैयारियां तेज : उज्जैन महाकाल की तर्ज पर निकलेगी भव्य यात्रा



3 अगस्त को नंदई से दोपहर 1 बजे निकलेगी प्रथम पालकी यात्रा, सफाई और प्रकाश व्यवस्था का रहेगा विशेष ध्यान

**राजनांदगांव (दावा)।** महाकाल सेना भक्त मण्डल द्वारा आगामी सावन माह में निकलने वाली भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी यात्रा को भव्य, अनुशासित एवं आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार को माहेश्वरी भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में महाकाल भक्त शामिल हुए तथा यात्रा को और अधिक आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में सावन सोमवार की पालकी यात्रा की संपूर्ण रूपरेखा, यात्रा मार्ग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुरक्षा, स्वच्छता, जनसहभागिता एवं धार्मिक मर्यादाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सर्वसम्मति से यात्रा को शहर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया।

### सावन में 12 स्थानों पर निकलेगी महाकाल की पालकी

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव सहित आसपास के क्षेत्रों में भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी यात्राएं निकाली जाएंगी। प्रथम सोमवार 3 अगस्त, द्वितीय सोमवार 10 अगस्त, तृतीय सोमवार 17 अगस्त, चतुर्थ सोमवार 24 अगस्त, पंचम सोमवार 31 अगस्त तथा विशेष पालकी यात्रा 6 अगस्त गुरुवार को निकाली जाएगी। इसके अतिरिक्त डोंगरगांव, खैरागढ़, पारींकला, बोदला सहित अन्य स्थानों में भी महाकाल पालकी यात्राओं का आयोजन होगा। प्रथम पालकी यात्रा 3 अगस्त को दोपहर 1 बजे नंदई से प्रारंभ होगी। यात्रा इंदिरा नगर चौक, बासपाई पारा, दुर्गा चौक, गांधी चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन एवं गोल बाजार से होते हुए महालक्ष्मी मंदिर, हमाल पारा पहुंचेगी। जहां यात्रा का विश्राम होगा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भगवान महाकाल की आरती, पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया जाएगा। पूरे मार्ग में शिवभक्ति, भजन-कीर्तन और धार्मिक उल्लास का वातावरण निर्मित होगा।

### डीजे प्रतिबंधित, स्थानीय कलाकार होंगे आकर्षण का केंद्र

महाकाल पालकी यात्रा के प्रमुख पवन डागा ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन का पालन करते हुए यात्रा में डीजे शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक गरिमा एवं परंपराओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी गई है। इस वर्ष यात्रा का प्रमुख आकर्षण पारंपरिक गेड़ी नृत्य रहेगा, जो छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की अनूठी झलक प्रस्तुत करेगा।

### पालकी यात्रा की गरिमा और व्यवस्था पर विशेष जोर

पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी को उठाने वाले पुरुष एवं महिलाओं को सनातन धर्म की परंपराओं के अनुरूप वेशभूषा धारण करनी होगी। जिससे यात्रा की गरिमा एवं धार्मिक मर्यादा बनी रहे। पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने सुझाव दिया कि पालकी यात्रा जिन मार्गों से होकर गुजरेगी। वहां पर्याप्त प्रकाश व जल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही यात्रा के गुजरने के बाद मार्गों की सफाई के लिए अलग टीम की व्यवस्था की जाए, ताकि स्वच्छता एवं व्यवस्था बनी रहे। आयोजकों ने कहा कि महाकाल पालकी यात्रा धर्म और संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक समरसता, सेवा भावना और जनसहभागिता का भी संदेश देती है। यात्रा में महिलाओं, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न धार्मिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### अनेक भक्तों ने रखे अपने विचार

बैठक में पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पवन डागा, अवतराम तेजवानी, राजा मखीजा, शिव श्रीवास्तव, अशोक लोहिया, शारदा तिवारी, मंजू बैद, नेहा गुप्ता, मोना गोसाईं, भरत जोबनपुत्रा, संजय तेजवानी, शिव वर्मा, लक्ष्मण लोहिया, राजू डागा, राकेश सहित अनेक महाकाल भक्तों ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में विष्णु साव, अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव, मनीष साहिता, योगेश एल. कोटक, राकेश यादव, गोलू गुप्ता, संजू बघेल, निगम पार्षदगण सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

### उज्जैन की तर्ज पर शिवमय होगा पूरा शहर

महाकाल भक्तों ने कहा कि महाकाल नगरी उज्जैन की तर्ज पर प्रारंभ की गई यह पालकी यात्रा आज संस्कारधानी नगरी की पहचान बन चुकी है। वर्षभर श्रद्धालु सावन माह में निकलने वाली इस यात्रा का इंतजार करते हैं। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को निकलने वाली भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भगवान महाकाल के जयघोष, भजन-कीर्तन, पारंपरिक वाद्य यंत्रों, धार्मिक झांकियों एवं लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच पूरी संस्कारधानी नगरी शिवमय वातावरण में रंग जाएगी। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से इस वर्ष की पालकी यात्रा राजनांदगांव के धार्मिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत का तीखा हमला : विपक्ष का मकसद समाधान नहीं, भ्रम और अराजकता फैलाना



○ नीट मामले में पीएम मोदी के कड़े फैसलों और सोनम वांगचुक के अनशन समाप्ति के बाद कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर साधा निशाना
○ कहा- छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने प्रतिबद्ध है मोदी सरकार, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने नीट मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई घोषणाओं तथा सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के बाद कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इन घटनाक्रमों ने विपक्ष के असली राजनीतिक चरित्र और उनके भारत विरोधी एजेंडे की पोल खोलकर रख दी है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार द्वारा न केवल त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्देश दिए गए हैं, बल्कि दोषियों को 5 से 10 साल की कड़ी सजा, कठोर जमानत शर्तों और दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों को बंद करने जैसे कड़े प्रावधानों वाले कानून का मसौदा तैयार कराया जा रहा है।

### सकारात्मक रुख के बाद समाप्त हुआ अनशन

श्री राजपूत ने बताया कि सरकार की त्वरित संवेदनशीलता और पारदर्शी नीयत को देखते हुए केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में सोनम वांगचुक ने भी सरकार के सकारात्मक रुख पर भरोसा जताया और अपना अनशन समाप्त कर दिया। यह दर्शाता है कि मोदी सरकार देश के छात्रों और युवाओं के हित में चट्टान की तरह खड़ी है। इसके विपरीत, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल छात्रों के कंधे पर बंदूक रखकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने और देश में असंतोष भड़काने का काम कर रहे थे।

### विपक्ष को न्याय से नहीं, राजनीति से मतलब

उन्होंने कहा कि विपक्ष को कभी भी छात्रों के भविष्य या न्याय से कोई लेना-देना नहीं था। उनका एकमात्र उद्देश्य देश में अराजकता फैलाना था। जब सरकार ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए कड़ा कानून बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया, तो इंडी गठबंधन का असली चेहरा बेनकाब हो गया। देश का युवा समझदार है और वह देख सकता है कि कौन उनके भविष्य के लिए काम कर रहा है और कौन उनके नाम पर केवल राजनीति।

### धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर दी प्रतिक्रिया

धर्मेंद्र प्रधान द्वारा दिए गए इस्तीफे पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि अगर घर में किसी की जिद पर कड़वी दवाई देनी पड़े, तो मां को यह कदम उठाना ही पड़ता है। जंतर-मंतर पर किया जा रहा आंदोलन देश हित में नहीं था और इसके दूरगामी दुष्परिणाम हो सकते थे, लेकिन धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए अपना इस्तीफा दिया। उन्होंने कहा कि अब युवाओं को सरकार का सहयोग करना चाहिए। यदि इस बड़े फैसले के बाद भी अराजक तत्वों द्वारा आंदोलन को लंबा खींचने का प्रयास किया जाता है, तो इससे देश की छवि खराब होगी। जिसे देश की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

**बेचना है**
ग्राम गठुला में बजरंग चौक के समीप एचपी गैस के पास खैरागढ़ रोड से लगा हुआ 8 डिसमिल खेत-जमीन बेचना है।
सपर्क-श्री हरिराम साहू पूर्व सरपंच ग्राम-गठुला (मूंगोड़ी सेन्टर) मो.- 7828363719

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com